हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

*19 जनवरी से शुरुआत, 27 को समापन, भक्त करेंगे गुप्त आराधना*

# उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में वज्र व सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में प्रारंभ होगी गुप्त नवरात्रि

■ गुप्त नवरात्रि की पंचमी तिथि को मनाई जाएगी बसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नए साल की पहली गुप्त नवरात्रि 19 जनवरी से शुरू होगी। इस अवसर पर कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 8.34 से 9.59 बजे तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.13 से 12.58 बजे तक रहेगा। माघ मास में नौ दिनों तक मनाई जाने वाली गुप्त नवरात्रि का आरंभ सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में होगा। नवरात्रि का समापन 27 जनवरी को होगा। इस दौरान साधक तंत्र, मंत्र और यंत्र की सिद्धि के लिए गुप्त साधना करेंगे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## दस महाविद्याओं की विशेष पूजा

प्रकट नवरात्रि में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जबकि गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की विशेष पूजा होती है। प्रकट नवरात्रि सांसारिक सुखों और इच्छाओं की पूर्ति के लिए मानी जाती है, वहीं गुप्त नवरात्रि मनोकामना सिद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लिए की जाती है। प्रकट नवरात्रि वैष्णव परंपरा से और गुप्त नवरात्रि शैव एवं शाक्त परंपरा से जुड़ी मानी जाती है। प्रकट नवरात्रि की देवी मां पार्वती और गुप्त नवरात्रि की अधिष्ठात्री देवी मां काली मानी जाती हैं। गुप्त नवरात्रि का समापन दसवें दिन दशमी तिथि को होता है, जिसे नवरात्रि पारणा के रूप में मनाया जाता है।

## मांगलिक कार्यों को शुभ बनाने वाले योग

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, प्रतिपदा तिथि को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग और मकर राशि में चंद्रमा की उपस्थिति में गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ होगा। मध्याह्न काल में अभिजीत मुहूर्त के दौरान सर्वार्थसिद्धि योग का विशेष संयोग रहेगा। इस योग को सभी शुभ और मांगलिक कार्यों को सफल बनाने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस योग में की गई साधना और आराधना शीघ्र फलदायी होती है। शहर के मंदिरों में भी विशेष यज्ञ-हवन और आराधना इस दौरान होंगे।

### औचक निरीक्षण में फिर कई दुकानों से 165 चकरी चाइनीज मांझा जब्त

# सिस्टम से उलझा चायनीज मांझा, खानापूर्ति की वजह से बैन की धज्जियां, हो चुके कई हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले में चाइनीज मांझा प्रतिबंधित है, इसके बाद भी शहर की कई पतंग दुकानों में इसकी खुलेआम बिक्री की जा रही है। नगर निगम लगातार इन दुकानों में निरीक्षण करते हुए चाइनीज मांझा को जब्ती भी बना रहा है, लेकिन कार्रवाई के दूसरे दिन से ही इन दुकानों में चाइनीज मांझा की बिक्री फिर शुरू कर दी जाती है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को देखा गया, जब नगर निगम और पर्यारण संरक्षण मंडल की टीम ने दोबारा उन्हीं पतंग दुकानों से चाइनीज मांझा को जब्ती बनाया, जहां मकर संक्रांति के पूर्व कार्रवाई की थी। इससे पता चलता है कि पतंग ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि फॉलोअप

## मांझा के कारण कई लोग हो चुके घायल

जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध नगर निगम और पर्यावरण संरक्षण विभाग संयुक्त रूप से अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत दुकानों में चाइनीज मांझा मिलने के बाद भी कार्रवाई के नाम पर मांझा को सिर्फ जब्ती ▶▶ शेष पेज 11 पर



## *165 चकरी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त*

*संयुक्त टीम ने शहर के मोती पतंग भंडार बूढ़ापारा, संजय पतंग भंडार सत्ती बाजार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन दुकानों में मोती पतंग दुकान से 110 चकरी चाइनीज मांझा एवं संजय पतंग भंडार से 55 चकरी मांझा जब्त किया है। इस तरह इन दोनों दुकान से कल 165 चाइनीज मांझा जब्त किया है। इन दुकानों में पूर्व में भी चाइनीज मांझा जब्त किया था, साथ ही भविष्य में चाइनीज मांझा की बिक्री करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी, लेकिन इस बार भी इन दुकान संचालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।*

## खानापूर्ति कार्रवाई से अफसरों पर उठ रहे सवाल

जिन दुकानों से चाइनीज मांझा जब्त किया गया था, उन्हीं दुकानों में दोबारा चाइनीज मांझा जब्ती बनाने के बाद भी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किए जाने से, कहीं न कहीं नगर निगम और पर्यावरण संरक्षण विभाग के अफसरों पर भी सवाल उठने लगे हैं। बूढ़ापारा में रहने वाले कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि जब चाइनीज मांझा प्रतिबंधित है, तो इसे बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। मांझा जब्ती बनाने के अलावा संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इनमें एक व्यक्ति ने कहा कि दुकानों से सेटिंग हो जाती है, इसलिए उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती।






# पवन साय ने बंगाल में एक माह में किया 35 विधानसभाओं पर मंथन

## विधानसभाओं में स्थानीय नेताओं के साथ बैठक लेकर जानी स्थिति और रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल चुनाव के लिए 56 विधानसभाओं के एक जोन की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का लगातार दौरा कर रहे हैं। वहां पर एक माह तक रुक कर उन्होंने 35 विधानसभाओं की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी लेकर वहां के लिए जीत की रणनीति तैयार की है। बची विधानसभाओं के लिए भी वे आने वाले समय में जल्द दौरा कर रणनीति बनाने का काम करेंगे। बंगाल में अलग-अलग जोन बनाकर करीब आधा दर्जन राज्यों के संगठन महामंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है। बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का बड़ा फोकस बंगाल चुनाव पर है। इस साल मार्च-अप्रैल में वहां पर चुनाव संभावित है। भाजपा ने बीते साल से ही इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वैसे भी भाजपा हमेशा से किसी भी राज्य में चुनाव से काफी पहले तैयारी प्रारंभ कर देती है। बिहार चुनाव में भी भाजपा ने काफी पहले से



तैयारी की थी। प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी। श्री जामवाल बिहार में चार माह तक रहे और अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में लगातार बैठकें लेकर रणनीति बनाने का काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि 50 सीटों में से 25 सीटों में भाजपा के प्रत्याशी मैदान में उतारे गए तो इसमें से 23 सीटों में भाजपा के प्रत्याशियों को जीत मिली।

### जानकारी लेकर बनाई रणनीति

*भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं पर भरोसा कर रहा है। बिहार चुनाव में प्रदेश के जिन भी नेताओं को वहां पर विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी, उन सभी में भाजपा के प्रत्याशी जीते। अब राष्ट्रीय संगठन प्रदेश के नेताओं को बंगाल की भी जिम्मेदारी देगा। पहले चरण में प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को वहां पर एक जोन की 56 विधानसभाओं का जिम्मा देकर बीते साल से रणनीति बनाने का काम दिया गया है। श्री साय लगातार बंगाल का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने वहां पर एक माह से ज्यादा समय तक रहकर 35 विधानसभाओं में बैठक करके उनके बारे में पूरी जानकारी ली है। इसी के साथ वहां पर कैसे भाजपा को जीत मिल सकती है, इसको लेकर रणनीति भी बनाई गई है। इस रणनीति के हिसाब से इन विधानसभाओं में काम भी प्रारंभ कर दिया गया है।बची विधानसभाओं में भी रणनीति बनाकर उनमें भी जल्द काम प्रारंभ किया जाएगा।*

**खबर संक्षेप**



### जेएनएम मेडिकल कालेज में समूह गीत का आयोजन

**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर ने 15 जनवरी को दोपहर श्री अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक समूह गीत कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एक बड़े जनभागीदारी अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था, जिसमें रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लगभग 3,000 स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों सहित लगभग पाँच लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डीन डॉ. विवेक चौधरी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति, जिनमें मेडिसिन, ऑप्थल्मोलॉजी और पैथोलॉजी विभागों के प्रमुख डॉ. देवप्रिया लकड़ा, डॉ. निधि पांडे और डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी के साथ-साथ विभिन्न विभागों के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय गीत का नेतृत्व एमबीबीएस के छात्रों अदिति शुक्ला, सारा गुफरान और सैली मेरावी ने किया जबकि पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंट डॉ. अमित बंजारा ने वंदे मातरम के सार और ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन और संचालन पैथोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर और छात्र अनुभाग प्रभारी डॉ. वर्षा पांडे ने किया।

### महाराष्ट्र में जीत, आम जनता का एनडीए को आशीर्वाद

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों के चुनाव नतीजों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ये नतीजे महाराष्ट्र में मोदी मैजिक की प्रामाणिकता सिद्ध कर रहे हैं। निकाय चुनावों में भाजपानीत महायुति की शानदार जीत को श्री देव ने महाराष्ट्र के सुशासन मॉडल की ऐतिहासिक जीत बताया और कहा, सुशासन, विकास और सौहार्द्रता पर महाराष्ट्र की नगरीय व शहरी जनता ने अपनी मुहर लगाई है, डबल इंजन की सरकार पर उसने विश्वास व्यक्त किया है। सरकार के द्वारा किए गए विकास पर विश्वास किया है। श्री देव ने कहा कि महाराष्ट्र के ये चुनाव नतीजे बहुत ही ऐतिहासिक हैं। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में महायुति के निर्वाचित प्रतिनिधि एक-एक शहर में परिवर्तन लाएंगे। श्री देव ने महाराष्ट्र की इस शानदार जीत पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस समेत पूरी प्रदेश सरकार और भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

### प्रसूता माताओं को हरियाली की भेंट

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन द्वारा "प्रोजेक्ट ग्रीन पालना" अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभिनव पहल के तहत शासकीय अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को फलदार पौधे भेंट स्वरूप दिए जा रहे हैं, ताकि एक नई ज़िंदगी के आगमन के साथ एक नया वृक्ष भी धरती पर जन्म ले। इस अभियान के तहत बिरगांव में 02, आरंग में 05, अभनपुर में 01, आज कुल 08 प्रसूता महिलाओं को 40 पौधे भेंट किए गए। यह प्रयास मातृत्व के साथ प्रकृति से जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। प्रोजेक्ट ग्रीन पालना न सिर्फ नवजात के जीवन की शुरुआत को यादगार बनाता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली और शुद्ध वातावरण की नींव भी रखूता है।

## विधि विभाग से प्रारूप को मिली मंजूरी, एक दो दिन में नोटिफिकेशन जारी होने की संभावना

# धरना-प्रदर्शन में कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में पुलिस आयुक्त प्रणाली को लेकर कई विरोधाभाषी जानकारी निकलकर सामने आ रही है। अफसरों से चर्चा करने पर जैसा उन लोगों ने बताया है, उसके मुताबिक पुलिस आयुक्त प्रणाली केवल शहरी क्षेत्र में लागू की जाएगी। ग्रामीण इलाके के थाना क्षेत्र कमिश्नरेट में शामिल नहीं होंगे। धरना, प्रदर्शन के साथ अन्य तरह के लॉ एंड आर्डर को मेंटेन करने पुलिस कमिश्नर प्रणाली को लागू किया जाता है। तूता धरना स्थल ग्रामीण थाना राखी के अंतर्गत आता है। इस स्थिति में तूता पुलिस आयुक्त की रेंज से अलग रहेगा। इस स्थिति में बड़े प्रदर्शन में ग्रामीण एसपी के साथी ही तूता में धरना प्रदर्शन के दौरान लॉ एंड आर्डर बनाए रखने पूर्व की तरह जिला मजिस्ट्रेट तथा एडीएम से अनुमति लेनी होगी।

पुलिस अफसरों के अनुसार राजधानी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने जो मसौदा तैयार किया गया है, उसे विधि विभाग के अनुमति मिल गई है। गृहमंत्री विजय शर्मा के राजधानी से बाहर होने की वजह से नोटिफिकेशन जारी नहीं किया जा सका है। गृहमंत्री शुक्रवार को रायपुर लौटे हैं, पुलिस अफसर एक दो दिन में नोटिफिकेशन जारी होने की बात कह रहे हैं। मसौदे में पुलिस आयुक्त प्रणाली में किन बातों को समाहित किया गया है, इस संबंध में विधि विभाग के अफसरों के साथ पुलिस महानिदेशक तथा एक दो अन्य अफसरों को मसौदे के बारे में जानकारी है।

**खास खबर**

## तूता को लेकर असमंजस



### धरना स्थल तूता का क्या होगा इस पर संशय

पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने के पीछे एक बड़ा कारण राजधानी में आए दिन होने वाला धरना प्रदर्शन है। धरना प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अकेले निर्णय नहीं ले सकती। लॉ एंड आर्डर बिगड़ने की स्थिति में लाठी चार्ज से लेकर प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने जिला मजिस्ट्रेट या उनके मातहत अफसर की अनुमति लेनी होती है। पुलिस आयुक्त प्रणाली में लाठी चार्ज से लेकर गिरफ्तारी तक के आदेश एसीपी, डीसीपी स्तर के अधिकारी दे सकते हैं। इस स्थिति में तूता धरना स्थल को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

### गुजरात में दो तरह के सिस्टम

गुजरात, अहमदाबाद के गांधीनगर में एसपी की पोस्टिंग है। गांधीनगर सीधे पुलिस कमिश्नरेट में नहीं आता। अहमदाबाद सिटी पुलिस के साथ गांधीनगर जिले के कुछ क्षेत्र का विस्तार किया गया है, जिससे कुछ सीमावर्ती क्षेत्र अब अहमदाबाद सिटी पुलिस के अंतर्गत हैं। नवा रायपुर के आसपास के ग्रामीण थाना क्षेत्र आरंग, राखी, अभनपुर, गोबरा नवापारा को कमिश्नरेट से अलग कर एसपी की पोस्टिंग की जा सकती है, जो सीधे शासन को रिपोर्ट करेगा। राजस्व जिला में शामिल राजिम को रायपुर जिला में शामिल करने को लेकर विचार करने की बात सामने आई है। जिस तरह से पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने की बात की जा रही है, उसमें नवा रायपुर को ग्रामीण में शामिल किया जा सकता है।

### एक्सपर्ट व्यू

वैसे पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली सिटी के हिसाब से बनायी जाती है, लेकिन रायपुर के जो ग्रामीण थाने हैं, वो सभी सिटी से लगे हैं। इसमें माना के साथ अभनपुर सहित कई ऐसे थाना क्षेत्र हैं, जो रायपुर से सटे हुए हैं। कमिश्नरेट प्रणाली नवा रायपुर को ध्यान में रखकर लागू की जा रही है। इसलिए पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली में पूरे जिले को शामिल किया जाना चाहिए, जो लॉ एंड आर्डर के लिहाज से बेहतर रहेगा। नवा रायपुर में मंत्रालय से लेकर एयरपोर्ट तक शामिल है। रायपुर जिले में दो तरह की पुलिसिंग अव्यवहारिक साबित होगी।

- डीएम अवस्थी
पूर्व पुलिस महानिदेशक

# नए टेंडर से हर महीने प्रति एंबुलेंस 40 हजार का अतिरिक्त बोझ बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ 300 से 375 होंगी एंबुलेंस, प्रति यूनिट लागत में वृद्धि पर खड़े हो रहे सवाल

सालभर की कवायद और दो बार रिजेक्शन के बाद जारी हुए 108 संजीवनी सेवा एबुलेंस का नया टेंडर अभी भी सवालों के दायरे में है। नए टेंडर से शासन पर प्रति एंबुलेंस हर महीने 40 हजार रुपए का अतिरिक्त बोझ आएगा। इस बार प्रदेश में 3 सौ के बजाए 375 एंबुलेंस संचालित की जाएंगी, जिनमें प्रति यूनिट लागत में हुई बढ़ोतरी को सवालों के दायरे में रखा गया है।

नियमों की जटिलता और तीसरे टेंडर में एकमात्र कंपनी को प्रदेश में गंभीर स्थिति वाले मरीजों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने एंबुलेंस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी नई कंपनी को देने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार नए टेंडर के तहत प्रति एंबुलेंस खर्च 1.90 लाख से बढ़कर 2.30 लाख रुपये प्रतिमाह हो गया है। इस तरह हर वाहन पर करीब 40 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि का बोझ शासन पर आ रहा है। इस बढ़ी दर और प्रस्तावित अवधि को जोड़ने पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार संचालित होने वाले एंबुलेंस की संख्या 3 से बढ़ाकर 375 किए जाने की तैयारी है। जानकारों का कहना है कि संख्या बढ़ने के बावजूद प्रति यूनिट लागत में इतनी तेज़ वृद्धि अपने आप में कई सवाल खड़े कर रही है।

### सिर्फ एक कंपनी की भागीदारी

एंबुलेंस सेवा के लिए पहले टेंडर में एक स्थानीय कंपनी के पात्र होने के बाद भी बिना किसी ठोस वजह से उसे रद्द कर दिया गया। दूसरी कोशिश में किसी कंपनी ने टेंडर में भागीदारी नहीं निभाई तो उसे निरस्त किया गया। तीसरी बार टेंडर हुआ और एकमात्र कंपनी की भागीदारी आने पर उसे एल-1 मान लिया गया। इस बार ईएमडी की राशि बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई, जबकि पिछली बार यह सिर्फ 50 लाख रुपये थी। इस नियम की वजह से स्थानीय कंपनियां स्वमेव टेंडर प्रक्रिया से बाहर हो गई थी। नया टेंडर 5 वर्षों के लिए प्रस्तावित है, जिसमें 2 साल के एक्सटेंशन का प्रावधान भी रखा गया है। जानकारों का कहना है कि यदि सालाना 5 प्रतिशत वृद्धि भी लागू होती है, तो कुल खर्च अनुमान से कहीं अधिक पहुंच सकता है।

# वीबी जी रामजी जैसी अच्छी योजना कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा, विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर कांग्रेस लगातार तथ्य और सत्य की अनदेखी कर झूठ फैलाकर प्रदेश के किसानों व मजदूरों को बरगलाने का काम कर रही है। कांग्रेस को ऐसी अच्छी योजनाएं बर्दाश्त नहीं होती हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, वीबी जी राम जी को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रदेश में चल रहा प्रदर्शन कांग्रेस के किसान मजदूर विरोधी चरित्र का परिचायक है।



डॉ. मिश्रा ने कहा, दरअसल कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह तथ्यहीन बातें कर रही हैं और वह किसी भी सूरत में प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाने के षड्यंत्रों का ताना-बाना बुनने में लगी है। लेकिन कांग्रेस अपने इन मंसूबों में कतई कामयाब नहीं होगी, क्योंकि पूरा प्रदेश कांग्रेस के राजनीतिक पाखण्ड से अच्छी तरह वाकिफ है। भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस के झूठ से प्रदेश के जन-जन तक पहुंचकर जागरुकता के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, विकसित भारत जी राम जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। कांग्रेस शासन काल में मनरेगा के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ और रोजगार के नाम पर लोगों से छलावा किया गया। इतना ही नहीं, अपितु लोगों से काम लेने के बाद उनको समय पर भुगतान नहीं किया।

# वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ-राज्यभर में द्वितीय चरण के कार्यक्रम 19 से 26 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्यभर में चार चरणों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत द्वितीय चरण में कार्यक्रमों का आयोजन 19 से 26 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस के दिन रायपुर में राज्यपाल तथा जगदलपुर में मुख्यमंत्री के आतिथ्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही राज्य के सभी जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा स्कूल-कॉलेजों में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के पश्चात बड़े पैमाने पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिकारी, प्रमुख हस्तियां और नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।




### होंगे ये कार्यक्रम

द्वितीय चरण में 19 से 26 जनवरी तक राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड की सहभागिता के साथ वंदे मातरम् से संबंधित संगीतमय प्रस्तुतियाँ, विशेष सभाएँ, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण, रंगोली, चित्रकला एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। राज्य पुलिस बैंड द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम् एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।

# पीसीसी अध्यक्ष बैज की अगवाई में चंदखुरी से पुराने विधानसभा तक की गई पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में एक दिवसीय पदयात्रा का आयोजन किया। पदयात्रा माता कौशल्या धाम चंदखुरी से पुराने विधानसभा तक निकाली गई। पदयात्रा के आरंभ के पहले चंदखुरी में जनसभा का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून के परिवर्तन को मजदूरों के खिलाफ बताया। पदयात्रा के प्रारंभ में कांग्रेसजनों ने माता कौशल्या के मंदिर में दर्शन और पूजन किया।

दीपक बैज ने कहा, मोदी सरकार मजदूरों का रोजगार छीनना चाहती है। मनरेगा बंद करने से ग्रामीण क्षेत्र में रोजी रोटी में संकट आएगा। मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म कर दिया है। मनरेगा केंद्रीय कानून था, 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा भेजी जाती थी, अब केंद्र और राज्य का हिस्सा 60- 40 का हो जाएगा। पहले मैचिंग ग्रांट 50 प्रतिशत राशि राज्य जमा करेगी तब केंद्र सरकार राशि जारी करेगी। राज्यों की वित्तीय स्थिति सर्वविदित है। इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, डॉ. शिव कुमार डहरिया, छाया वर्मा, पंकज शर्मा, रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, सुशील आनंद शुक्ला, सुबोध हरितवाल, दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, शैलेश नितिन त्रिवेदी, शिवसिंह ठाकुर, पंकज मिश्रा, प्रमोद दुबे, अजीत कुकरेजा, उधोराम वर्मा, आकाश तिवारी, नंदलाल देवांगन, कमला वर्मा, आकाश शर्मा, विजय टंडन, हिरेन्द्र देवांगन, विनोद सिंह ठाकुर, ओम श्रीवास, सुयश शर्मा, देव साहू, सुधा सरोज, किशन बजारी, मिलिंद गौतम, अर्जुमन ढेबर, सुजीत सिंह, कमल धृतलहरे, आशीष वर्मा, विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, कोमल साहू, खिलावन निषाद, अजितेश शर्मा, योगेन्द्र सोलंकी, बलदेव साहू, रामा यादव, अश्विनी वर्मा, ओमप्रकाश यादव शामिल हुए।

# नर्सिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन पूरा सूची पर मांगी गई दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश का काम पूरा होने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश लेने वालों की सूची पर दावा-आपत्ति मंगाई है। जारी की प्रोविजनल सूची में किसी तरह की कमी होने पर 19 से 23 जनवरी तक दस्तावेज के साथ काउंसिलिंग समिति के सामने उपस्थित होने का वक्त दिया गया है।

सूची पर आने वाली किसी भी तरह की आपत्ति का निराकरण कर चिकित्सा शिक्षा विभाग पुनः सूची जारी करेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने भारतीय उपचर्या परिषद से मिली अनुमति के आधार पर नर्सिंग के विभिन्न पाठ्यक्रम की सीटों पर काउंसिलिंग के नाम पर एडमिशन परा कराया था। इसके तहत एमएससी में 135, पोस्ट बेसिक की 808 तथा बीएससी की 5422 सीटों पर एडमिशन हुआ है। विभाग द्वारा शासकीय और निजी कालेजों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी कर निजी और शासकीय कालेजों से दावा आपत्ति मांगी गई है। कालेज प्रबंधनों को निर्देशित किया गया है कि वे 19 से 23 जनवरी के बीच शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के कक्ष क्रमांक 503 में काउंसिलिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करे। उनकी आपत्ति के आधार पर कमियों का निराकरण कर अंतिम सूची जारी की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि तैयार की गई सूची में अक्सर एडमिशन लेने वालों की संख्या में कमी अथवा अधिकता हो जाती है। दावा-आपत्ति के माध्यम से इसे दूर किया जाता है।

### रेलवे द्वारा संरक्षा सेमिनार का आयोजन

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, विद्युत टीआरडी, यांत्रिक, सिगनल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ भिलाई स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

**// आम सूचना //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता साहिल जैन पिता स्व. श्री सतीश जैन निवासी हर्ष हेवन्स डी पी लॉ कालेज रोड सरकंडा बिलासपुर छ.ग. के हक हित स्वामित्व व आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि पर निर्मित मकान जो कि नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित सुमित लैण्ड स्केप के ले आउट F1 भूखंड क्र. 431 कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट याने 111.52 जिसका पूर्व खसरा नंबर 732 का भाग वर्तमान खसरा नंबर 15002/102 खाता क्र. 1002 है। जो कि वाके मौजा ग्राम सेमरिया प.ह.नं. 001, रा. नि. मं. मंदिर हसौद तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया है। जिसकी बयनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है ।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, बीमा, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/ संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय सुसंगत दस्तावेज आपत्ति 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शुन्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 16-01-2026
**नरेन्द्र कुमार वर्मा (अधिवक्ता)**
आ. / नि. ग्राम व पो. नरदहा व्हाया सी सी आई मांढर थाना विधानसभा जिला रायपुर छ.ग. पिन 493111,
मो. 9300988480

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-27, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- पी2ए/614 को श्री ललित कुमार अग्रवाल पिता श्री राम अवतार अग्रवाल पताः- आरती' आटो सेंटर सर्वमंगला रोड, कोरबा (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्री ललित कुमार अग्रवाल पिता श्री राम अवतार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 07.04.2024 को हो गयी है। श्रीमति रश्मि अग्रवाल पति स्व. श्री ललित कुमार अग्रवाल ने अपने पति श्री ललित कुमार अग्रवाल की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम श्रीमति रश्मि अग्रवाल पति स्व.श्री ललित कुमार अग्रवाल के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त स्वतंत्र भवन को श्रीमति रश्मि अग्रवाल पति स्व.श्री ललित कुमार अग्रवाल के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संपति टैक्स पर नगर पालिका ने की कार्रवाई

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर ने प्रापर्टी टैक्स जमा नहीं करने वाले नगर के बड़े बकायादारो पर कार्यवाही तेज कर दी गई है टैक्स जमा नही करने वाले व्यक्तियो के यहां नल विच्छेदन की कार्यवाही की गई कार्यवाही के दौरान कुछ बड़े बकायादारो ने मौके पर ही पूरा बकाया कर जमा किया वही पालिका की कार्यवाही के दौरान कई जगह नोक झोक भी हुई मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा कि प्रापर्टी टैक्स वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी नोटिस की निर्धारित अवधि मे टैक्स जमा नही होने पर अधिनियम के प्रावधानो के अनुरूप कानूनी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

### ग्राम ढोंड़रा में 19 से देवी भागवत कथा

**अभनपुर।** ग्राम ढोंड़रा के बाजार चौक में 19 से 27 जनवरी तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक हवन एवं दोपहर 1 से शाम 5:30 बजे तक कथा वाचन होगा। कथा वाचक पाटन (दुर्ग) से पं. कृष्ण कुमार तिवारी रहेंगे। कार्यक्रम में कलश यात्रा, देवी भागवत कथा के विविध प्रसंग, चढ़ौत्री तथा 27 जनवरी को यज्ञ, पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजक महादेव प्रसाद सिन्हा एवं तारादेवी सिन्हा ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### वंदे मातरम गायन कर राष्ट्रीय चेतना बिखेरी

**अभनपुर।** वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर अभनपुर के पीएमश्री सेजेस उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय चेतना एवं ऐतिहासिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना का विकास करना तथा वन्दे मातरम् के गौरवशाली इतिहास से उन्हें अवगत कराना रहा। इस मौके पर मिडिल एवं हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सामूहिक नृत्य, गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए। वहीं कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अनुशासनबद्ध ढंग से एक स्वर में वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में वन्दे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत राष्ट्रप्रेम की चेतना जगाने का सशक्त माध्यम रहा है और आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है वही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने विद्यार्थियों को वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ की बधाई दी। वहीं एसएमडीसी अध्यक्ष गोयल भट्ट ने विद्यार्थियों को भारत माता की सेवा के लिए भारतीय सेना में जाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर एसएमडीसी सदस्य सागर साहू, सागर पांडेय सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### माना के नवोदय नामा में पूर्व छात्रों ने भूले-बिसरे दिनों को किया याद

**चंदखुरी।** जवाहर नवोदय विद्यालय, माना कैंप, रायपुर में इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार एलुमनी मीट /"नवोदयनामा/" का आयोजन किया गया, लेकिन इस बार यह आयोजन पिछले वर्षों से काफी अलग और यादगार रहा। यह दो दिवसीय संपन्न हुआ, जिसकी कमान मुख्य रूप से विद्यालय समिति तथा 15वीं बैच (2000-2007) के भूतपूर्व छात्रों ने संभाली।

## निधन

### श्यामाबाई साहू



**आरंग।** ग्राम भिलाई निवासी श्यामाबाई साहू का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे गजानंद, गज्जूलाल, गिरधर, रिखिराम साहू कि माता थी।

# मोरध्वज महोत्सव में मिली कला-संस्कृति की झलक और निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

त्याग, बलिदान और धर्मपरायणता के प्रतीक महान राजा मोरध्वज की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव–2026 का प्रथम दिवस गुरुवार को आस्था, इतिहास और लोक-संस्कृति के अनुपम संगम के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। सुबह से देर रात तक चले विविध आयोजनों ने ऐतिहासिक नगरी आरंग को उत्सवमय वातावरण में सराबोर कर दिया। राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव के पहले दिन प्रातः 8 बजे कार्यक्रम स्थल पर प्रसिद्ध रेत कलाकार हेमचंद साहू द्वारा राजा मोरध्वज की त्याग गाथा को दर्शाती भव्य रेत कलाकृति का निर्माण किया गया। कलाकृति ने दर्शकों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित किया और महोत्सव की थीम को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बाबा बागेश्वरनाथ एवं वेदमाता गायत्री की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा चंडी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नेताजी चौक पहुँची, जहाँ से महामाया मंदिर में जलाभिषेक उपरांत जल लेकर पुनः राजा मोरध्वज की परिक्रमा करते हुए कार्यक्रम स्थल इंडोर स्टेडियम पहुँची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।पूजा-अर्चना के साथ औपचारिक शुभारंभ शाम 4 बजे बाबा बागेश्वरनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

## मंत्री खुशवंत साहेब एवं टंकराम वर्मा की उपस्थिति में महोत्सव का शंखनाद

### राजा मोरध्वज की भव्य झांकी का मंचन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सुवा नृत्य पार्टी कोसमखुटा (टोमन साहू) की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इसके पश्चात पंथी नृत्य पार्टी कुटेशर (सुभाष बंजारे) की ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इतिहास और बौद्धिक सत्र में राजा मोरध्वज के ऐतिहासिक महत्व और त्याग पर वरिष्ठ विद्वानों ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर आनंद राम साहू (पटकथा लेखक), आर.एन. विश्वकर्मा (पुरातत्वविद), एल. रायकरवार (वरिष्ठ पुराविद, संचालनालय पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, रायपुर) तथा मुरली मनोहर देवांगन (शिक्षाविद एवं डायरेक्टर, थिंक आईएएस) ने विचार व्यक्त किए। झांकी और सम्मान समारोह बना आकर्षण इसके पश्चात स्वरांजली डांस ग्रुप, आरंग द्वारा 20 मिनट की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात लगभग एक घंटे तक राजा मोरध्वज की भव्य झांकी (भोथली) का मंचन हुआ, जिसने इतिहास को सजीव कर दिया। राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि राजा मोरध्वज की त्याग, सत्य और धर्म की अमर गाथा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा का आधार है।



## संत सुरेश्वर दास महाराज और मुख्य वक्ता खेमलाल खूंटे के ओजस्वी उद्बोधन से जागृत हुई सांस्कृतिक चेतना

# हिंदू सम्मेलन में सामाजिक एकता एवं सनातनी संस्कारों के संरक्षण की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

- सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

क्षेत्र में सांस्कृतिक पुनरुत्थान और सामाजिक एकजुटता के संकल्प के साथ स्थानीय स्टेडियम में भव्य 'हिन्दू सम्मेलन' का सफल आयोजन संपन्न हुआ। श्रद्धा और उत्साह के संगम वाले इस कार्यक्रम में धरसीवां खंड के हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर संगठन शक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कारों का संरक्षण और समाज में सकारात्मक चेतना का विस्तार करना रहा।



### सांस्कृतिक चेतना ही समाज का आधारः संत सुरेश्वर दास

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संत सुरेश्वर दास जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों से जनसमूह को कृतार्थ किया। उन्होंने कहा, हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति उसके संस्कारों, नैतिकता और अटूट एकता में निहित है। हमें अपनी जड़ों की ओर लौटकर सनातन संस्कृति के गौरव को आत्मसात करना होगा। उन्होंने सामाजिक समरसता को राष्ट्र की उन्नति का मूल मंत्र बताया।

### युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आह्वान

मुख्य वक्ता खेमलाल खूंटे ने अपने ओजस्वी संबोधन में वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को संगठित रहकर ही अपनी पहचान सुरक्षित रखनी होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल दर्शक न बनें, बल्कि राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जागरण की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य हेमावती चिव्हाने ने शिक्षा और संस्कारों के अंतर्संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही जागरूक समाज की नींव रखता है, जहाँ नैतिक मूल्यों का होना अनिवार्य है। ग्रामीण अंचलों की ऐतिहासिक सहभागिता सम्मेलन में चरौदा, धरसीवां, नगरगांव, कुरा, बरतनारा, पंदरभट्ठ, मुरा, टाड़ा सहित आसपास के दर्जनों गांवों से ग्रामीण पारंपरिक उत्साह के साथ पहुंचे। भजन और विचार-विमर्श के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया गया। आयोजकों ने बताया कि इस समागम का लक्ष्य हिंदू शक्ति को जागृत करना और संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता इस बात में रही कि इतने विशाल जनसमूह के बावजूद पूरा कार्यक्रम पूर्णतः अनुशासित और शांतिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने आगंतुक अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व नागपुर महानगरपालिका में भाजपा की जीत, विधायक अनुज की मेहनत रंग लाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- 12 में 12 सीटों पर मिली जीत की गूँज छत्तीसगढ़ तक, धरसींवा में मना जश्न, बँटी मिठाइयां

पूर्व नागपुर महानगरपालिका चुनाव के परिणामों ने महाराष्ट्र से लेकर छत्तीसगढ़ तक भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह भर दिया है। छत्तीसगढ़ के धरसींवा विधायक और भाजपा के स्टार प्रचारक अनुज शर्मा के रणनीतिक कौशल का ऐसा जादू चला कि पूर्व नागपुर के जिन 12 प्रभागों में उन्होंने कमान संभाली थी, वहां भाजपा ने शत-प्रतिशत परिणाम देते हुए 'क्लीन स्वीप' कर दिया है। जैसे ही नागपुर में 12-0 की जीत की खबर छत्तीसगढ़ पहुँची, विधायक अनुज शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र धरसींवा में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिठाई बाँटकर जश्न मनाना शुरू कर दिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद धरसींवा में मीडिया को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने इसका श्रेय स्थानीय नेतृत्व और जनता के विश्वास को दिया। उन्होंने विशेष रूप से पूर्व नागपुर के लोकप्रिय विधायक श्री कृष्णा भाऊ खोपड़े का जिक्र करते हुए कहा कि यह जीत विकास की उस साझी विरासत की है, जिसे कृष्णा भाऊ ने वर्षों से सींचा है। अनुज शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, /"आज नागपुर की देवतुल्य जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन और श्री कृष्णा भाऊ खोपड़े जी के स्थानीय नेतृत्व पर अपनी मुहर लगा दी है। मेरे बड़े भाई कृष्णा भाऊ के मार्गदर्शन और हमारे जांबाज कार्यकर्ताओं की मेहनत ने मिलकर यह इतिहास रचा है। इन 12 सीटों पर मिली जीत अब इन क्षेत्रों में विकास की नई गंगा बहाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# तिल्दा थाना परिसर के मंदिर में शिव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा थाना परिसर में शुक्रवार को नवनिर्मित शिव मंदिर में भोले बाबा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके पहले मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई . मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा हनुमान मन्दिर के पंडित सुरेन्द्र महराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया।

मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज सुबह से ही नवनिर्मित मंदिर में भजन कीर्तन शुरू हो गया था। सुबह 10 बजे मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई ,भ्रमण के बाद कलश यात्रा का समापन मंदिर पहुंचकर किया गया.. सुबह 11 बजे सुरेन्द्र महराज के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार शुरू किया गया पूजा में मुख्य यजमान प्रमोद निषाद सपत्निक शामिल हुए. प्राण-प्रतिष्ठा पूजन अनुष्ठान कर विधि पूर्वक जलयात्रा,शिव अधिवास, वेदी पूजन, मंडप परिक्रमा, अखंड हरिकीर्तन संकल्प पूजा, हवन, पूजन तथा नवनिर्मित मंदिर में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सभी पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान शिव की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया,इस मौके पर थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी परिवार के साथ पूजा में शामिल हुए..साथ ही उप निरीक्षक विकास देशमुख, टी आर साहू प्रधान आरक्षक जालम सिंह, संदीप सिंह, कुलदीप ,आलोक शर्मा ,सहित पूरा थाना परिवार पूजा में भागीदार बने शामिल हुआप्राण प्रतिष्ठा में महिला-पुरुष की भारी भीड़ देखी गई।इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया .भंडारे में बड़ी संख्या में लोगो ने प्रसाद के रो में भोजन ग्रहण किया।



# आर्यन स्कूल के वार्षिकोत्सव को छात्रों ने गीत-संगीत से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

माता कौशल्या की जन्म भूमि चंदखुरी के पास स्थित आर्यन पब्लिक स्कूल मुनगी में बीते दिनों वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। आर्यन पब्लिक स्कूल मुनगी में आयोजित वार्षिकोत्सव में कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने बॉलीवुड रेट्रो थीम पर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । जहां मुख्य अतिथि प्रतीक बैस अध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य रोहित पुरोहित ने किया। जिनके द्वारा सरस्वती माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य तिथि ने द्वारा उद्बोधन के दौरान बच्चों का उत्साह वर्धन एवं प्रोत्साहन किया तथा संस्था के शिक्षा के प्रति समर्पण एवं सेवा भाव से कार्य करने पर बधाई दी और पालकों का समर्थन, उत्साह एवं स्कूल के प्रति विश्वास देखकर प्रसन्नता जताई और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की । वही स्कूल के आचार्य अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में विभिन्न प्रकार के प्रतिभा विद्यमान होती है । उसे समय समय पर दिशा और मार्गदर्शन देना हमारे संस्था की प्रथम दायित्व समझते हैं और उसका निर्वहन करने का प्रयास करते है। तथा शिक्षकों और पालकों के बीच मीटिंग कर कुछ कमियों को दूर करने का काम करते हैं। वही कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों पालको का आभार व्यक्त किया। वही बच्चों ने नृत्य कला की पुराने गीतों मे बड़े उत्साह के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों का प्रदर्शन देखकर सभी पालक अत्यंत प्रसन्न हुए उन्हें प्रोत्साहित किया एवं कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# अरुंधति स्कूल में वंदे मातरम् का किया सामूहिक गायन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पीएमश्री अरुंधति देवी शासकीय स्कूल आरंग में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने अरुंधति देवी स्कूल के सभी शिक्षकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् हमारे लिए देशभक्ति और प्रेरणा का गीत है। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के इतिहास, गरिमा एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य संध्यारानी बारीक ने सभी को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर शुभकामनाएँ दीं। इसके बाद सभी के द्वारा मिलकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया गया। कार्यक्रम के संचालन में विकास पाठक ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाइस हेड गर्ल मुक्ता पाल ने वंदे मातरम् की महत्ता पर प्रकाश डाला। गौरीशंकर शुक्ला, प्रियंका खड़का, बी. फातिमा, भारती रजक, मोनिका थावरानी, तृप्ति आदिल, दिव्या यादव, कविता वर्मा, आकाश शर्मा, यश प्रधान, रिमझिम वाणी, अंजली यादव, पी. मार्टिन, रमनदीप कौर, गुंजा, स्मिता रघुवंशी, युवराज मिश्रा, वामिका फिरदौस, तरन्नुम अख्तर एवं मयंक लुनिया आदि का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। अंग्रेजी माध्यम से एचएम (मिडिल) शिनी मैथ्यू, एचएम (प्राथमिक) कनकलता वर्मा के साथ सभी व्याख्याता एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल थे। हिंदी माध्यम से उप-प्राचार्य लोकेश्वर साहू, व्याख्याता कमलेश साहू, आशारानी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मनरेगा ग्रामीण भारत की रीढ़ है, मजदूरों से खिलवाड़ का हर स्तर पर विरोध होगा : बैज

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस की 8 किमी लंबी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

केंद्र की मनरेगा विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की निर्णायक हुंकार ग्रामीण मजदूरों के संवैधानिक अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष जारी शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत माता कौशल्या मंदिर, चंदखुरी धाम से पूर्व विधानसभा चौक तक लगभग 8 किलोमीटर लंबी पंचायत जनसंपर्क पदयात्रा निकाली गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने माता कौशल्या और भगवान श्रीराम के दर्शन कर यात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा में भारी जनसहभागिता रही, जिसमें ग्रामीण मजदूर, कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के सदस्य और आमजन शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन ने आयोजन की पूरी अगुवाई की। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए, पर्चे बांटे और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे मनरेगा बचाओ संग्राम/" का हिस्सा है, जो जनवरी-फरवरी 2026 तक छत्तीसगढ़ में पदयात्रा, जनसंपर्क, धरना, चौपाल और अन्य कार्यक्रमों के रूप में जारी रहेगा। इस सभा में पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा मनरेगा बचाव के समन्वयक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद खान पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा पूर्व विधायक अनीता शर्मा शैलेश नितिन त्रिवेदी प्रमोद दुबे पंकज शर्मा नंदलाल देवांगन महापौर बिरगांव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गण दीपक मिश्रा सकलेन कामदार एवम अजीत कुकरेजा सुनील कुकरेजा एजाज ढेबर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष उधो वर्मा योगेंद्र सोलंकी पूर्व जनपद सदस्य जयंत साहू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण ओम प्रकाश यादव दिनेश ठाकुर गायकवाड जागेश्वर कुर्रे प्रशांत कुर्रे बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अधिकार छिना और मूल प्रावधानों में कटौती

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा ग्रामीण भारत की रीढ़ है। केंद्र सरकार द्वारा **VB-G** अधिनियम के नाम से योजना को कमजोर करना, वित्तीय बोझ राज्यों पर डालना, पंचायतों से काम तय करने का अधिकार छीनना और मूल प्रावधानों में कटौती संवैधानिक काम के अधिकार पर सीधा हमला है। कांग्रेस की यह निर्णायक हुंकार है लड़ाई अब सड़कों से सदन तक गलियों से हर घर तक जारी रहेगी।

### लाखों परिवार प्रभावित

पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया और कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा कि केंद्र की नीतियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रही हैं लाखों परिवार प्रभावित हैं। मजदूरों को 100 दिनों का गारंटीड रोजगार और उचित मजदूरी दिलाने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि यह पदयात्रा छत्तीसगढ़ के ग्रामीण मजदूरों के हक की लड़ाई है। केंद्र सरकार मनरेगा को नाम बदलकर और प्रावधान कमजोर करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नष्ट करने की साजिश रच रही है। रायपुर ग्रामीण जिले के हर गांव-गांव तक यह संदेश पहुंचेगा कि कांग्रेस मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम 100 दिनों का गारंटीड रोजगार और उचित मजदूरी की मांग को लेकर आंदोलन तेज करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन ने केंद्र की नीतियों की आलोचना की।

## पेज 9 के शेष...

### उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में ...

गौरतलब है कि वर्ष में कुल चार नवरात्रियां मनाई जाती हैं, जिनमें दो प्रकट और दो गुप्त नवरात्रि होती हैं। माघ और आषाढ़ मास की नवरात्रियां गुप्त, जबकि चैत्र और अश्विन मास की नवरात्रियां प्रकट नवरात्रि कहलाती हैं। माघ मास की गुप्त नवरात्रि शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक रहती है, जिसमें कई विशेष पर्व भी आते हैं। इनमें गौरी तृतीया, वरद तिल कुंद चतुर्थी, बसंत पंचमी, नर्मदा जयंती, आरोग्य सप्तमी और भीष्म अष्टमी प्रमुख हैं।

### सिस्टम से उलझा चायनीज ...

दुकान के संचालकों में कार्रवाई को लेकर बिल्कुल खौफ नहीं है। इधर, इस मांझे की वजह से शहर में कई हादसे हो चुके हैं।

### मांझा के कारण कई लोग...

बनाया जा रहा है, जबकि चाइनीज मांझा के कारण शहर में कई हादसे में लोग घायल भी हो चुके हैं, जिसमें किसी का चेहरा, होंठ तो किसी के हाथ की उंगलियां कट चुकी हैं। चाइनीज मांझा के कारण लगातार लोगों के घायल होने की घटना के बाद भी इस मामले में प्रतिबंधित मांझा बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं की गई है।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार श्री कमलेश कुमार वर्मा, पिता स्व. परदेशी राम वर्मा, निवासी-ग्राम-मलौद, सिलयारी, तहसील-धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) ने भूमि स्वामी श्री किशोर कुमार छब्लानी, उम्र 49 वर्ष, पिता- श्री हरीशचन्द्र छब्लानी, निवासी- रमण मंदिर फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.) के हक, हित स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 30/1, 31/1, 31/2 एवं 31/3 रकबा क्रमशः 0.3800, 0.5910, 0.3880 एवं 0.2920 हेक्टेयर कुल खसरा 4 कुल रकबा 1.651 हेक्टेयर अर्थात 4.07 एकड़ भूमि जो वाके मौजा-ग्राम-टोहड़ा, प.ह.नं.-19, रा.नि.मं. तिल्दा, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर, छ.ग. में स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन बयाना की राशि अदा कर विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यव्हार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम या निकाय, साहूकार, बैंक या अन्य किसी पक्षकारगण को उजर, दावा या आपत्ति हो तो मेरे नीचे लिखे पते पर अपना आपत्ति मय दस्तावेज 10 दिवस के अंदर दर्ज करावें अन्यथा बाद - म्याद की गई आपत्ति शून्य व अवैध मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर (छ.ग.) दिनांक : 16/01/2026

भवदीय
**गुणेश कुमार निर्मलकर (अधिवक्ता)**
**कार्या./निवास- म नं. - 25/692, निर्मल इलेक्ट्रॉनिक्स के बाजू, एलआईसी रोड, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 8770224358**

## खबर संक्षेप

### छात्र बताएंगे-डिजिटल दुनिया में इंसानी कनेक्शन जरूरी क्यों?

**रायपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने स्कूली बच्चों के लिए एक बहुत खास लेखन प्रतियोगिता शुरू की है। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन 2026 इंटरनेशनल लेटर राइटिंग कंपीटिशन यंग पीपल के तहत है और इसे डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट आयोजित कर रहा है। इसमें जीतने वाले बच्चों को न सिर्फ इनामी राशि प्रदान की जाएगी, बल्कि स्विट्जरलैंड घूमने का भी शानदार मौका मिलेगा। 9 से 15 साल के स्कूली छात्र इसमें हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता की थीम भी बहुत ही खास है। स्टूडेंट्स को अपने एक दोस्त को लेटर लिखना होगा जिसमें ये बताना होगा कि डिजिटल दुनिया में इंसानी कनेक्शन क्यों जरूरी है यानी आज के इस मोबाइल और इंटरनेट के जमाने में भी असली दोस्ती, परिवार और लोगों से मिलने-जुलने का महत्व क्यों कम नहीं होना चाहिए। ये खत अंग्रेजी या हिंदी में लिखे जा सकते हैं।

**दो स्तर पर पुरस्कार :** प्रतियोगिता में दो लेवल पर प्राइज दिए जाएंगे। एक रीजनल लेवल पर और दूसरा नेशनल लेवल पर। जो बच्चे इसमें हिस्सा लेना चाहते हैं, उन्हें एक आवेदन फॉर्म भरना होगा। ये फॉर्म अपने स्कूल में जमा करना होगा। स्कूल अपने टॉप एंट्रीज को सीबीएसई में भेजेंगे। स्कूलों को 20 मार्च 2026 तक रिजल्ट सब्मिट करने होंगे। इसके बाद टॉप तीन कंटेस्टेंट्स चुने जाएंगे।

### साढ़े तीन किलो गांजा जब्त, दो कोचिए धरे गए



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने दुर्ग के दो कोचियों को 35 हजार रुपए कीमत के साढ़े तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में सुभांषु मिरचे, यादवेंद्र यादव उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों गांजा तस्करों को सरोना स्थित श्मशानघाट के पास नदी किनारे पकड़ा है।

### किसान के एक लाख रुपए ले भागा, गिरफ्तार



**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में किसान को लिफ्ट देने का झांसा देकर एक लाख रुपए लेकर भागने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। राजाराम देवांगन की शिकायत पर पुलिस ने न्यू चंगोराभाठा निवासी शंकर देवांगन को धर-दबोचा। राजाराम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 जनवरी को वह अपनी भांजी के घर जा रहा था। इस दौरान शंकर ने राजाराम को उसके भांजी के घर छोड़ने का झांसा देकर अपनी बाइक में लिफ्ट दी। इसके बाद एक पान ठेले के पास शंकर ने राजाराम को गुटाखा लाने कहा और राजाराम के नोटों से भरे बैग को लेकर फरार हो गया।

# गर्मी में जल संकट से मिलेगी राहत, 3 वार्डों में एक हजार से अधिक घरों में पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-1 अंतर्गत तीन वार्ड क्रमांक 16, 17 एवं 18 में गर्मी के सीजन में होने वाली पानी की समस्या आगामी दो वर्ष के भीतर खत्म हो जाएगी। इन वार्डों में निवासरत एक हजार से अधिक घरों में राइजिंग पाइप लाइन कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए पानी टंकी का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 1.675 किलोमीटर तक बिछेगी राइजिंग पाइप लाइन

ठक्करपारा वार्ड में बन रहे दो हजार किलोलीटर क्षमता एवं 25 मीटर स्टेजिंग जलागार के साथ करीब 1.675 किलोमीटर लंबी राइजिंग पाइप लाइन बिछाई जाएगी। पाइप लाइन और जलागार का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए दो वर्ष की समयसीमा तय की गई है। इसके तहत निर्माण एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी होने से लेकर दो वर्ष के भीतर किसी भी स्थिति में कार्य पूर्ण कराना होगा।



**पूजा-कुदाल चलाकर कार्य का भूमिपूजन :** जलागार पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ परंपरागत तरीके से भूमि में पूजा-अर्चना कर कुदाल चलाकर किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता पी. राजेश नायडू, जोन कमिश्नर दिव्या चंद्रवंशी, उप अभियंता जल गोपाल प्रधान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### इन बस्ती-मोहल्लों को मिलेगी राहत

नए जलागार के बनने से वार्ड 16, 17 एवं 18 अंतर्गत आने वाले मोहल्लों में शिवानंद नगर सेक्टर 3 एवं 4, प्रेमनगर, दीक्षा नगर, पार्वती नगर, प्रेमनगर पठान मोहल्ला, जंघेल हेल्थ क्लब गुढ़ियारी, मुर्राभट्ठी सुलभ शौचालय, आंबेडकर चौक गुढ़ियारी, उत्कल बस्ती गुढ़ियारी, दीनदयाल उपाध्याय नगर 26 ब्लॉक, शिव नगर नहर पट्टी, गुड मार्निंग प्रोविजन स्टोर के पास, आनंद नगर, 65 ब्लॉक शिवानंद नगर आदि में रहने वाले परिवारों को गर्मी के दिनों में भी पानी नियमित रूप से मिल पाएगा।

**19 करोड़ 60 लाख की लागत से बनेगी पानी टंकी :** जोन अध्यक्ष गज्जू साहू ने बताया कि ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक-17 में राइजिंगमेन डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन बिछाने एवं 2 हजार किलोलीटर क्षमता वाले उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण के लिए 19 करोड़ 60 लाख रुपए 74 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने बताया कि इस जलागार से जोन क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16, 17 एवं 18 की करीब 13 बस्ती-मोहल्लों में रहने वाले एक हजार से अधिक घरों एवं परिवारों को इसका लाभ होगा। घर-घर नल कनेक्शन मिलने से लोगों को नदी का मीठा पानी सीधे पाइप लाइन के माध्यम से घरों में पहुंचेगा।

## मरीजों को इंतजार से राहत देने रेडियोडायग्नोसिस विभाग का नया सिस्टम

# जांच के लिए न हो वेटिंग, इसलिए स्टाफ कर रहा ओवरटाइम, उम्रदराज-बीपीएल मरीजों से शुल्क नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीमारी का पता लगाने डाक्टरों की पर्ची पर एमआरआई अथवा सीटी स्कैन कराने वालों को कई दिन इंतजार ना करना पड़े, इसलिए रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डाक्टर सहित अन्य स्टाफ ओवरटाइम कर रहा है। अस्पताल की ओपीडी में आने वाले उन मरीजों को जांच की सुविधा निशुल्क प्रदान की जा रही है, जो बीपीएल श्रेणी अथवा साठ साल से अधिक की उम्र अथवा अस्पताल में भर्ती हो।

आंबेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के पास अभी एक एमआरआई और एक सीटी स्कैन मशीन है। इन मशीनों पर पूरे अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच का जिम्मा है। पूर्व में यहां जांच कराने के लिए मरीजों को सप्ताहभर से पंद्रह दिन तक इंतजार करना पड़ता था। इससे बचने के लिए मरीज निजी अस्पतालों में जाकर पैसे खर्च करते थे। विभाग ने अपनी नई योजना के तहत जांच के लिए वेटिंग देने का सिस्टम बंद कर दिया। मशीनों और मौजूदा संसाधनों के आधार पर ज्यादा से ज्यादा मरीजों की जांच उसी दिन कर रिपोर्ट अगले दिन देने का सिस्टम बनाया। सूत्रों के अनुसार इस सिस्टम से प्रतीक्षा सूची की व्यवस्था बंद हो गई और ज्यादा से ज्यादा मरीजों की जांच के लिए ओवरटाइम का सिस्टम बनाया गया। पहले इन मशीनों से जांच दोपहर तक की जाती थी। इस व्यवस्था में बदलाव किया गया और अब जांच का काम देर शाम तक पूरा किया जा रहा है। सीटी स्कैन और एमआरआई की तरह सोनोग्राफी और एक्स-रे की जांच भी देर शाम तक पूरी की जा रही है। करीब तीन महीने पहले स्वशासी समिति की बैठक में हुए फैसले के मुताबिक अस्पताल की ओपीडी में आने वाले बीपीएल मरीजों और साठ साल से अधिक उम्र वाले मरीजों को दोनों तरह की जांच की सुविधा निशुल्क प्रदान की जा रही है।

### व्यवस्था में सुधार जारी

मरीजों को किसी भी तरह की जांच के लिए अनावश्यक इंतजार ना करना पड़े, इसके लिए व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वेटिंग का सिस्टम खत्म किया गया है और इसे बनाए रखने के लिए ज्यादा समय तक जांच की जा रही है।
- **डॉ. विवेक पात्रे**, विभागाध्यक्ष, रेडियोडायग्नोसिस विभाग, आंबेडकर




### हर रोज 20 से ज्यादा जांच

रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा रोजाना एमआरआई और सीटी स्कैन की 20 से ज्यादा जांच की जा रही है। इनके अलावा इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को चौबीस घंटे इसकी सुविधा दी जा रही है। चिकित्सकों का दावा है कि आने वाले दिनों में जब विभाग के पास दोनों तरह की नई मशीन आएगी तो प्रतिदिन जांच की क्षमता बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। वहीं ज्यादा जांच के लिए टेक्निशियनों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है।

### एपीएल वालों से 2 हजार

सीनियर सिटीजन, बीपीएल श्रेणी के मरीजों के लिए आंबेडकर अस्पताल में हर तरह की जांच की सुविधा निशुल्क है। वहीं एपीएल वालों को आईपीडी के बाद ही जांच की सुविधा बिना भुगतान के प्राप्त होती है। ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए एमआरआई जांच के लिए 2 हजार रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। पूर्व में यह राशि पांच हजार रुपए थी, इसकी शिकायत सामने आने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर शुल्क कम किया गया।

### बजट में हुई है घोषणा

राज्य शासन ने अपने बजट में आंबेडकर अस्पताल की पुरानी मशीन और ज्यादा जांच की संख्या को ध्यान में रखते हुए नई मशीन खरीदने की घोषणा की थी। इन मशीनों की खरीदी के लिए राशि भी स्वीकृत की गई थी और प्रक्रिया पूरी करने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई है। खरीदी के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# चार दुकानों के ताले तोड़ चोर नकदी सहित पौने दो लाख का माल ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज थाना क्षेत्र में चोरों ने धावा बोलते हुए चार दुकानों का ताला तोड़ कर दो दुकान से नकदी 55 हजार रुपए सहित पौने दो लाख के सोने तथा चांदी की भगवान की मूर्ति चोरी कर ले गए हैं। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। कारोबारियों की दुकान में लगे प्राप्त सीसीटीवी कैमरों से मिले फूटेज के आधार पर चोर ने दुकान की ऊपरी मंजिल के रास्ते दुकानों में दबिश दी है। नर्मदापारा में अनंता किचन नावेल्टी के नाम से दुकान संचालिक करने वाले प्रताप थरवानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रताप ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात तीन से चार चोर उसकी दुकान की तीसरी मंजिल के रास्ते प्रवेश कर लकड़ी का दरवाजा जो अंदर से बंद था, उसे तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद गल्ला से 15 हजार रुपए कैश तथा एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने की गणेश की मूर्ति चोरी कर अपने साथ ले गए।

- घटना गंज थाना के नर्मदापारा व्यवसायिक परिसर की



### चोरों ने इन दुकानों में भी दी दबिश

चोर प्रताप थरवानी की दुकान में हाथ साफ करने के बाद कारोबारी की दुकान से सटे सोना एजेंसी के संचालक देवेंद्र खेमानी, निर्मल स्वीट्स के संचालक निर्मल सुंदरानी, निलेश गंगवानी, दीपक ट्रेडर्स में चोरी करने घुसे थे। इन तीनों दुकानों में चोरों ने तीसरी मंजिल के रास्ते होते हुए प्रवेश किया था। चोरों को निर्मल, निलेश तथा दीपक ट्रेडर्स में कुछ नहीं मिला। चोर देवेंद्र खेमानी की दुकान से 40 हजार रुपए कैश तथा चांदी की एक मूर्ति पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए। जिन चोरों ने प्रताप थरवानी की दुकान में चोरी की थी, वही चोर अन्य दुकानों में चोरी करने पहुंचे थे। चोरी की घटना में पुलिस को लोकल बदमाशों का हाथ होने की आशंका है।

# जमीन सौदा के नाम पर 11.50 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरस्वती नगर थाना में एक कारोबारी ने एक ब्रोकर सहित तीन कारोबारियों के खिलाफ जमीन बिक्री के नाम पर 11.50 करोड़ रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य नौ आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोप है कि बैंक में बंधक जमीन को ब्रोकर तथा दो अन्य ने कारोबारी को बिक्री करने का सौदा कर ठगी का शिकार बनाया। जमीन का एनओसी देने टालमटोल करने पर कारोबारी को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

- ठगी के आरोप में तीन गिरफ्तार

संभव ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विकास कुमार गोयल की शिकायत पर पुलिस ने हाई-टेक एब्रेसिव्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, प्रमोटर और शेयर होल्डर सिविल लाइंस निवसी नारायण प्रसाद टेकरीवाल (70) नारायण का बेटा बैरनबाजार निवासी पंकज टेकरीवाल (47) प्रीतम टेकरीवाल को गिरफ्तार किया है। विकास ने पुलिस को बताया है कि बलौदाबाजार जिले में जमीन



खरीदने के लिए उसने हाई-टेक एब्रेसिव्स प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क किया था। इस पर हाई-टेक एब्रेसिव्स के डायरेक्टर ने बैंक में बंधक जमीन दिखाकर विकास के साथ बेचने सौदा किया।

### 22 हेक्टेयर जमीन को विवाद मुक्त बताया

कारोबारी की शिकायत के मुताबिक, 15 अक्टूबर 2025 को हाई-टेक एब्रेसिव्स कंपनी के निदेशकों और प्रापर्टी ब्रोकर रोहित कुमार धृतलहरे ने बलौदाबाजार जिले के सिमगा तहसील अंतर्गत, नेवधा में स्थित करीब 22.347 हेक्टेयर जमीन दिखाई। आरोप है कि नारायण प्रसाद टेकरीवाल, लक्ष्मीचंद गुरवानी, पंकज टेकरीवाल, विनोद बाजोरिया, राघवेंद्र चंद सिन्हा, सेजल राठौर, शकुंतला देवी टेकरीवाल, निशा अग्रवाल, निना जैन, नीता मस्कारा और प्रीतम कुमार टेकरीवाल ने जमीन पूरी तरह वैध और विवादमुक्त होने का भरोसा दिलाया।

### चेक और आरटीजीएस से पैसे ट्रांसफर

सेल एग्रीमेंट के बाद संभव ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड ने अलग-अलग तारीखों में चेक और आरटीजीएस के जरिए हाई-टेक एब्रेसिव्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में कुल 11.51 करोड़ रुपये एडवांस पेमेंट के रूप में ट्रांसफर किए। बाद में जब कारोबारी विकास गोयल ने जमीन की विधिवत जांच कराई, तो पता चला कि यह जमीन पहले से ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास गिरवी रखी गई है। जमीन को ग्लोबल हाई-टेक इंडस्ट्रीज लिमिटेड नामक सिस्टर कंसर्न द्वारा बैंक में मार्गेज किया गया था। इतना ही नहीं, 2019 में डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल मुंबई ने बैंक को इस जमीन से बकाया वसूली का अधिकार भी दे रखा है।

# मासूम से रेप करने वाले पर निगम ने कसा शिकंजा दुकान अवैध होने के संदेह में जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के राजातालाब में 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ रेप करने वाले आरोपी पर पुलिस के साथ अब नगर निगम ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नगर निगम को जानकारी मिली थी कि रेपिस्ट की दुकान अवैध रूप से बनाई गई है। इसकी जानकारी मिलते ही महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम ने रेपिस्ट को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के जरिए सात दिनों के भीतर दुकान के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया है। नोटिस में मोहलत की अवधि तक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर दुकान को अवैध मानते हुए इसे तोड़े जाने की चेतावनी भी दी है।

- सात दिनों के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर तोड़ी जाएगी दुकान

महापौर मीनल चौबे नगर निगम के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को राजातालाब इलाके पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने रेप की शिकार हुई बच्ची और उसके परिजनों से मिलने के बाद आरोपी की संपत्ति की जांच करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान महापौर को जानकारी मिली कि आरोपी ने अवैध रूप से दुकान बना ली है। इसके बाद महापौर ने अधिकारियों को दुकान में तत्काल नोटिस चस्पा के निर्देश दिए। इसके बाद नोटिस चस्पा किया गया और आरोपी या उसके परिवार के अन्य सदस्यों को सात दिनों के भीतर संपत्ति से संबंधित प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा है। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर इस दुकान को अवैध मानते हुए तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।



### ऐसे दरिंदों के लिए न समाज में जगह न प्रशासन में रहम

महापौर ने कहा कि मासूम बच्ची के साथ हुई यह घटना अत्यंत अमानवीय, जघन्य और घृणित है। इस घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। यह केवल अपराध नहीं, बल्कि समाज और मानवता पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। ऐसे दरिंदों के लिए न समाज में जगह है, न प्रशासन में कोई रहम है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराधियों से जुड़ी अवैध संपत्तियों को नगर निगम भी तोड़ने की कार्रवाई करेगा। महापौर ने रेप घटना में भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी वैधानिक कार्रवाई बनती है, उसे तत्काल प्रभाव से लागू करें। महापौर ने पीड़ित बच्ची और उसके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

उल्लेखनीय है कि राजातालाब में हाल ही में एक वृद्ध व्यक्ति ने 8 वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर उसे अपने घर ले जाकर कई दिनों तक रेप की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित बच्ची की तबीयत बिगड़ने से उसे तेज दर्द होने लगा। इसके बाद बच्ची ने परिजनों को उसके साथ आरोपी द्वारा किए गए कृत्य की जानकारी दी, जिसके बाद मामला थाने तक पहुंचा था। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार भी किया है, लेकिन इसके बाद भी लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लोगों ने आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए थाना परिसर में नारेबाजी भी की थी।

## बिजनेस साइट

### आशादीप हॉस्पिटल में शुरू हुई स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सुविधा

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित आशादीप हॉस्पिटल में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करते हुए अब स्त्री एवं प्रसूति रोग (गायनेकोलॉजी) विभाग की शुरुआत कर दी गई है। अब तक हड्डी रोग उपचार के लिए पहचाने जाने वाले इस हॉस्पिटल में महिलाओं के लिए समर्पित संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। हॉस्पिटल में एमबीबीएस, डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नम्रता वर्मा अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। डॉ. वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं की सभी स्वास्थ्य समस्याओं का आधुनिक तकनीक एवं विशेषज्ञ देखरेख में इलाज किया जाएगा। यहां 24 घंटे सामान्य एवं सिजेरियन प्रसव की सुविधा, महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड जांच, बांझपन (इन्फर्टिलिटी) एवं आईवीएफ उपचार, साथ ही गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का समुचित समाधान उपलब्ध रहेगा। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि इस नई सुविधा से क्षेत्र की महिलाओं को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। आशादीप हॉस्पिटल में 24×7 एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी सेवाएं भी निरंतर संचालित हैं।

आशादीप हॉस्पिटल
• सेवा • सुविधा • संकल्प

# सौम्या 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**रायपुर।** शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद सौम्या चौरसिया से पूछताछ करने एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने पुलिस रिमांड हासिल की थी। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद एसीबी की टीम ने सौम्या को ईओडब्ल्यू-एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ईओडब्ल्यू ने सौम्या से दोबारा पूछताछ करने किसी तरह के मांग नहीं की। कोर्ट ने दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद सौम्या को 30 जनवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। विदित हो कि सौम्या शराब घोटाले में ईडी के प्रकरण में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है।

## पेज 9 के शेष

### उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में वज्र...

गौरतलब है कि वर्ष में कुल चार नवरात्रियां मनाई जाती हैं, जिनमें दो प्रकट और दो गुप्त नवरात्रि होती हैं। माघ और आषाढ़ मास की नवरात्रियां गुप्त, जबकि चैत्र और अश्विन मास की नवरात्रियां प्रकट नवरात्रि कहलाती हैं।

माघ मास की गुप्त नवरात्रि शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक रहती है, जिसमें कई विशेष पर्व भी आते हैं। इनमें गौरी तृतीया, वरद तिल कुंद चतुर्थी, बसंत पंचमी, नर्मदा जयंती, आरोग्य सप्तमी और भीष्म अष्टमी प्रमुख हैं।

### सिस्टम से उलझा चायनीज ...

दुकान के संचालकों में कार्रवाई को लेकर बिल्कुल खौफ नहीं है। इधर, इस मांझे की वजह से शहर में कई हादसे हो चुके हैं।

### मांझा के कारण कई लोग...

बनाया जा रहा है, जबकि चाइनीज मांझा के कारण शहर में कई हादसे में लोग घायल भी हो चुके हैं, जिसमें किसी का चेहरा, होंठ तो किसी के हाथ की उंगलियां कट चुकी हैं। चाइनीज मांझा के कारण लगातार लोगों के घायल होने की घटना के बाद भी इस मामले में प्रतिबंधित मांझा बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं की गई है।

# इंटरसिटी का नाम मूक माटी एक्सप्रेस, आज से रायपुर के प्लेटफार्म-7 से होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर-जबलपुर के बीच संचालित होने वाली इंटरसिटी अपने नए नाम मूक माटी एक्सप्रेस के साथ शनिवार को पहली बार रायपुर से रवाना होगी। इसकी आ वा जा ही पहले प्लेटफार्म 3 से होती थी, जिसे अब प्लेटफार्म-7 से संचालित किया जाएगा। ट्रेन का नाम छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और जनभावनाओं को ध्यान में रखकर किया गया है।

- रायपुर-जबलपुर के बीच करती है आवाजाही, जनभावना के अनुरूप नामकरण



रायपुर-जबलपुर के बीच आवाजाही करने वाली ट्रेन का नामकरण कुछ समय पर रेलवे बोर्ड द्वारा मूक माटी एक्सप्रेस किया गया था। ट्रेन का नाम बदलने के लिए रेलवे ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को ध्यान में रखा था। नाम बदलने के बाद यह ट्रेन शनिवार को पहली बार रायपुर से जबलपुर के लिए रवाना होगी। रेल प्रशासन द्वारा यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि केवल ट्रेन का नाम बदला गया है। इसके अलावा ट्रेन के नंबर, रूट, टाइमिंग अथवा कोच संरचना में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। मूक माटी एक्सप्रेस का उल्लेख यात्रियों के आरक्षण टिकट, चार्ट तथा यात्री सूचना प्रणाली में नजर आएगा। इसके अलावा यह ट्रेन अब तक रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के नंबर-3 से संचालित होती थी, शनिवार से यह ट्रेन प्लेटफार्म 7 से चलेगी। इसके अलावा रायपुर से सिंकदराबाद जाने वाली 12772 एक्सप्रेस ने अपनी अपना प्लेटफार्म बदला है। यह ट्रेन अब प्लेटफार्म-3 से चलेगी।

खबर संक्षेप

## सप्ताहभर में 7 करोड़ का टेंडर जारी, भ्रष्टाचार के आरोप

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने राजिम मेले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश सचिव रुद्रसेन सिंहा व जिलाध्यक्ष चमन यादव ने कहा, राजिम मेले के आयोजन में 3 जनवरी को टेंडर अपलोड हुए व 10 जनवरी तक टेंडर प्रक्रिया जल्दबाजी में पूरी कर ली गई। केवल सात दिनों में इन्होंने 7 करोड़ के टेंडर अपने करीबियों को देने के लिए यह औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। टेंडर की निर्धारित प्रक्रिया कुछ और है। इसमें भी बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार का संदेह है। संबंधित अधिकारी पर उच्च स्तरीय जांच बैठाने की मांग पार्टी ने की है।

## डॉ.चौधरी को शारीरिक शिक्षा क्षेत्र में नवाचारी सम्मान




**रायपुर।** रविवि के प्रोफेसर राजीव चौधरी को कॉन्फेडरेशन ऑफ स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन इंडस्ट्री द्वारा शारीरिक शिक्षा क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेशनल रैंकिंग अवार्ड के अंतर्गत 15 जनवरी इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं एवं खेल विशेषज्ञों की सहभागिता रही। **यह** राष्ट्रीय सम्मान डॉ. राजीव चौधरी को खेल, शारीरिक शिक्षा, योग, खेल विज्ञान, शोध एवं अकादमिक नवाचार के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन, शोध-आधारित एवं नवाचारी योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

## जनसंपर्क आयुक्त ने किया साहित्य उत्सव–2026 की तैयारियों का निरीक्षण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से 23 से 25 जनवरी 2026 तक नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में रायपुर साहित्य उत्सव–2026 आयोजित होने वाला है। जनसंपर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने शुक्रवार को उत्सव को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर गौरव सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान स्टॉल, मुख्य मंच, साहित्यिक सत्रों के स्थल, फूड जोन, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा एवं दर्शक सुविधाओं सहित समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पुरानी पेंशन योजना के चार लाख कर्मियों के लिए सरकार ने बनाया पेंशन निधि नियम, जमा राशि का करेंगे निवेश

हरिभूमि न्यूज रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार के अधीन काम कर रहे करीब चार लाख सरकारी कर्मियों के लिए पेंशन निधि नियम 2026 बनाया गया है। खास बात ये है कि यह पुरानी पेंशन योजना ओपीएस के सदस्यों के फंड पर लागू होगी। ओपीएस फंड की राशि सरकार, भारत सरकार की प्रतिभूतियों, सुरक्षित बांड और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अनुमोदित अन्य सुरक्षित निवेश साधनों में करेगी। सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पेंशन फंड का उपयोग पेंशन फंड की राशि के उपयोग के लिए किया जाएगा। मोटे तौर पर देखा जाए तो इसे इस तरह समझ सकते हैं कि राज्य सरकार को भविष्य में अपने सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन के साथ रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली राशि की अदायगी करनी है।

जाहिर है इस काम में हर साल बड़ी राशि लगनी है। लिहाजा राज्य सरकार ने इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। ये भी तय है कि आने वाले समय पर सरकार पर पेंशन राशि के भुगतान का दायित्व बढ़ना ही है। इसीलिए इस फंड में निवेश के माध्यम से राशि जुटाई जाएगी। यह निधि एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करेगी ताकि भविष्य में पेंशन के भारी वित्तीय बोझ के कारण राज्य के बजट पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### सरकार पर बढ़ेगा पेंशन फंड का लोड, इसलिए अभी से तैयारी

**यह किन कर्मियों के लिए होगा?**

यह निधि मुख्य रूप से उन कर्मियों के लिए है जो पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के दायरे में आते हैं इनमें वे शासकीय कर्मचारी जिन्होंने एनपीएस छोड़कर ओपीएस का विकल्प चुना है। वे कर्मचारी जो 1 नवंबर 2004 के बाद नियुक्त हुए थे और अब राज्य सरकार की नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं।

**निधि का विनिवेश ऐसे**

निधि में जमा राशि को सुरक्षित और लाभकारी बनाने के लिए इसके विनिवेश हेतु कड़े दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। इस राशि का विनिवेश इन क्षेत्रों में किया जा सकेगा। केंद्र और राज्य सरकार की सुरक्षित बॉन्ड्स और प्रतिभूतियों में। पीएसयू बांड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और विश्वसनीय सरकारी उपक्रमों के ऋण पत्रों में और आरबीआई द्वारा अनुमोदित अन्य सुरक्षित निवेश साधनों में।

**निधि प्रबंधन इकाई करेगी ये काम**

निधि प्रबंधन इकाई अधिनियम की धारा 9 के अनुसार निवेश के लिए दिशा निर्देश और कार्यनीति तैयार करना और जारी करने, निधि के प्रदर्शन का आंकलन और मूल्यांकन, निवेश, विनिवेश, पुनर्निवेश, पोर्टफोलियो समायोजन की समीक्षा और अनुमोदन करना, अधिनियम और इन नियमों के अनुपालन की निगरानी करने के साथ ही यह सुनिश्चित करने का काम करेगी कि निधि का कोई भी निवेश या संचालन अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन न हो।

**इस तरह होगा मैनेजमेंट और निधि की निगरानी**

इस फंड के संचालन के लिए वित्त विभाग, निधि के प्रबंधन की निगरानी और अधिनियम तथा इन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक निधि प्रबंधन इकाई की स्थापना करेगा। निधि प्रबंधन इकाई में पदेन सचिव, वित्त विभाग अध्यक्ष, संचालक, बजट उपाध्यक्ष होंगे। नियुक्त निधि प्रबंधक के दैनिक संचालन की निगरानी एवं संचार के प्राथमिक संपर्क हेतु सचिव, वित्त विभाग एक नोडल अधिकारी पदाभिहित करेंगे, जो उप-सचिव की श्रेणी से निम्न नहीं होगा।

## पिरदा खनिज चौकी से 500 मीटर की दूरी पर रेत का अवैध भंडारण

# खनिज विभाग की चौकी से हर दिन बिना रायल्टी पर्ची के निकल रही रेत-मुरुम, गिट्टी से भरी सैकड़ों गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज रायपुर

रायपुर जिले में एक ओर जहां खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग की टीमें समय-समय पर दिन के साथ रात में भी निरीक्षण पर निकलकर इस अवैध कारोबार में शामिल गाड़ियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर इन गाड़ियों पर निगरानी रखने और जांच के लिए बनाई गई खनिज विभाग की पिरदा चौकी में ही गाड़ियों को बिना रायल्टी पर्ची के छोड़ी जा रहा है। इससे शासन को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान भी हो रहा है। यही नहीं, इस चौकी के महज 500 मीटर की दूरी पर जमकर रेत का अवैध भंडारण भी किया जा रहा है, जिसकी जानकारी होने के बावजूद इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। राजधानी रायपुर से करीब 12 किलोमीटर दूर ग्राम पिरदा में खनिज विभाग की चौकी बनी हुई है। रायपुर और मंदिर हसौद के बीच बनाई गई इस चौकी से हर दिन रेत, मुरुम एवं गिट्टी से भरी सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। सबसे ज्यादा इस चौकी से गिट्टी की गाड़ियां गुजरती हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा पत्थर की खदानें संचालित होती हैं। इन खदानों से हर दिन तीन से चार सौ गाड़ियां निकलती हैं, लेकिन चौकी के रजिस्टर में इसकी एंट्री 100 से भी कम होती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चौकी में हर दिन कितनी गाड़ियों को चेक किया जा रहा है।



### चौकी में कैमरे नहीं, इसलिए प्रतिदिन कितनी गाड़ियां निकल रहीं इसका हिसाब भी नहीं

इस चौकी से हर दिन कितनी गाड़ियां निकल रही हैं, इस पर निगरानी रखने के लिए चौकी में अब तक सीसीटीवी कैमरा तक लगाया नहीं गया है। जो भी जांच और एंट्री होती है, वह ऑफलाइन होती है। इसीलिए प्रतिदिन चौकी से होकर कितनी गाड़ियां निकलती हैं, इसकी गिनती चौकी प्रभारियों के रजिस्टर से ही होती हैं। यानी प्रभारी जो भी रजिस्टर में लिखेंगे, उसे ही सही माना जाएगा।

### दो सौ हाईवा से अधिक रेत का भंडारण

इधर विभाग की कार्रवाई के बाद रेत माफिया ने फिर रेत का भंडारण शुरू कर दिया है। यहां लगभग दो सौ हाईवा से अधिक रेत का भंडारण किया गया है। इसकी जानकारी होने के बाद भी विभाग यहां दोबारा कार्रवाई के लिए पहुंचा नहीं है।



### चौकी से 500 मीटर दूरी पर अवैध भंडारण

पिरदा चौकी में दो प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो अलग-अलग पाली में अन्य सिपाहियों के साथ ड्यूटी करते हैं। इसके बाद भी चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर रेत का जमकर अवैध भंडारण लगातार किया जा रहा है। भंडारण करने वाले का नाम निजामी बताया जा रहा है, जो रेत माफिया के अंडर में काम करता है। खनिज विभाग ने करीब एक माह पहले अखबारों में छपी खबर के बाद कार्रवाई भी की थी। रेत को जब्ती बनाया गया था, लेकिन भंडारण करने वाले के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

### *अवैध रूप से चल रहा ईंट निर्माण का कार्य*

*जिस जगह पर रेत का अवैध भंडारण किया जा रहा है, उसके ठीक पहले सड़क से लगी भूमि पर अवैध रूप से ईंट बनाने का काम भी चल रहा है। ईंट बनाने का काम भी यहां करीब डेढ़ माह से चल रहा है। जिस भूमि पर ईंट बनाने का कार्य चल रहा है, वह शासकीय है। सूत्र के अनुसार भूमि पर ईंट बनाने की अनुमति गांव के सरपंच ने दी है, जबकि इस मामले में अब तक खनिज विभाग और पर्यावरण विभाग से अनुमति नहीं ली गई है।*

### *दोबारा जानकारी नहीं मिली*

*चौकी से कुछ दूरी पर निजामी नामक व्यक्ति द्वारा रेत का अवैध भंडारण किए जाने की जानकारी मिली थी। इस पर कार्रवाई कर रेत को जब्ती बनाकर ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया है। दोबारा यहां रेत का अवैध भंडारण किए जाने की जानकारी नहीं मिली है। ईंट बनाने संबंधी अनुमति पर्यावरण विभाग से मिलती है। हालांकि जहां ईंट का निर्माण किया जा रहा है, वह प्रतिबंधित क्षेत्र है। इस पर पर्यावरण विभाग को एक्शन लेना चाहिए।*

*- उमेश भार्गव, सहायक खनिज अधिकारी रायपुर*

## झारखंड एसीबी की टीम ने केडिया डिस्टलरीज के संचालक के दो ठिकानों पर दी दबिश



हरिभूमि न्यूज रायपुर

झारखंड शराब घोटाला के आरोप में गोवा में गिरफ्तार केडिया डिस्टलरीज के संचालक नवीन केडिया के दो ठिकाने कुम्हारी तथा भिलाई स्थित पॉवर हाउस में शुक्रवार को छापे की कार्रवाई करने एसीबी की टीमपहुंची। इसके साथ ही एक टीम एफएल-10 का ठेका लेने वाले नवीन केडिया के भाई सौरभ केडिया के रायपुर स्थित अशोका रतन में जांच करने पहुंची।

नवीन केडिया को झारखंड एसीबी की टीम पिछले सप्ताह ओल्ड गोवा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई थी। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के बाद जरूरी दस्तावेज की तलाश में एसीबी की 15 सदस्यी टीम शुक्रवार को पुनः छापे की कार्रवाई करने कुम्हारी स्थित केडिया डिस्टलरी तथा भिलाई पॉवर हाउस में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। इसी के साथ ही उसके भाई सौरभ केडिया के घर जांच करने पहुंची। बताया जा रहा है, एसीबी की छापे की भनक लगने के बाद सौरभ फरार हो गया। सौरभ के घर से एसीबी को क्या मिला, इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है।

### नवीन के फरार होने की चर्चा

इस बात को लेकर चर्चा है कि झारखंड एसीबी की टीम नवीन केडिया को गिरफ्तार करने गोवा पहुंची, तो वह अपने बीमार होने का बहाना कर अस्पताल में भर्ती हो गया। उसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर गोवा से रांची ले जाए जाने के बाद नवीन को कोर्ट में पेश किया गया। वहां उसने कोर्ट को गुमराह करते हुए अपने बीमारी का हवाला देकर पेश होने की मोहलत मांगी। कोर्ट ने नवीन को 12 जनवरी को पेश होने का समय दिया था। इसके बाद नवीन कोर्ट में पेश होने के बजाय फरार हो गया।

## गांजा तस्कर को सात साल कैद के साथ 75 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज रायपुर

तिल्दा थाना क्षेत्र में पांच वर्ष पूर्व 15 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने सात वर्ष कैद के साथ 75 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। पुलिस ने वर्ष 2021 में एक 42 वर्षीय व्यक्ति के कब्जे से गांजा जब्ती करने की कार्रवाई की थी।



विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने शमशेर अंसारी उर्फ शमशेर अली को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक 26 जून 2021 को मुखबिर ने शमशेर के पास गांजा होने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम शमशेर के तिल्दा स्थित वार्ड नंबर 17 के मकान में सर्च करने पहुंची। सर्च के दौरान पुलिस को अलग-अलग 17 पैकेट में गांजा मिला। पूछताछ में शमशेर ने पुलिस को बताया कि उसने तस्करी कर गांजा मंगाया था और वह अपने साथियों की मदद से लोगों के पास गांजा बेचने का काम करता था।

## महापौर ने की पीएम सूर्यघर योजना का लाभ उठाने की अपील



**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने राजधानीवासियों से राज्य विद्युत पावर वितरण कंपनी के माध्यम से संचालित अभिनव योजना पीएम सूर्यघर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने निगम क्षेत्र के सभी वार्ड के पार्षदों से भी अपील की है कि वे भी अपने-अपने घरों में सौलर पैनल लगवा कर इस योजना का लाभ उठाए। इससे बिजली की बचत होगी, साथ ही हर माह बिजली बिल से राहत भी मिलेगी।

## वन बल प्रमुख पर वन कर्मचारी संघ ने तानाशाही रवैया अपनाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज रायपुर

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने वन क्षेत्रपाल के पांच प्रतिशत पदों पर विज्ञान स्नातक कर्मचारियों की भर्ती तथा संविदा में कार्यरत प्यून तथा ड्राइवर को वर्दी देने का विरोध किया है। वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे ने इस संबंध में बयान जारी कर कहा है कि वे इस संबंध में मुख्यमंत्री, वनमंत्री को ज्ञापन सौंप कर विरोध व्यक्त करेंगे।

- वन क्षेत्रपाल के पांच प्रतिशत पदों पर विज्ञान स्नातक भर्ती नियम का किया विरोध

वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के अनुसार वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए वनक्षेत्रपाल के पांच प्रतिशत पदों को विज्ञान स्नातक कर्मचारियों से विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरने संबंधी सेवा भर्ती नियम में संशोधन का प्रस्ताव शासन को भेजा है, जो कि स्वीकृत पदों के साथ अन्याय किया जा रहा है। संघ ने आरोप लगाया है कि अफसर अपने चहेते सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी को संविदा भर्ती के माध्यम से पदस्थापना कर शासन की राशि का दुरपयोग करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे अधिकारी, कर्मचारी की पदोन्नति प्रभावित हो रही है एवं संविदा अधिकारी द्वारा कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव पूर्वक कार्य संपादित कराया जाता है।

### नियम विरुद्ध स्थानांतरण, पदास्थापना

वन कर्मचारी संघ के आरोपों के मुताबिक शासन के आदेशानुसार वर्दी धारी बल के स्थानांतरण, पदस्थापना नहीं करने का स्पष्ट आदेश जारी करने के बाद भी वन बल प्रमुख नियम को ताक पर रखकर वन कर्मचारियों का स्थानांतरण, पदस्थापना, संलग्नीकरण कर रहे हैं। वन बल प्रमुख डीएफओ को मौखिक एवं लिखित रूप से आदेश देकर पदस्थापना करने के लिए निर्देशित कर रहे।

## दिशा समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, आंगनबाड़ी-जल संरक्षण एवं आवास

हरिभूमि न्यूज रायपुर

राजधानी रायपुर के रेडक्रास भवन में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले में संचालित विभिन्न केंद्र एवं राज्य शासन की विकास योजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आंगनबाड़ी, जल संरक्षण एवं आवास पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बृजमोहन अग्रवाल ने इस दौरान शहर के प्रमुख एवं



भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाने के निर्देश, ताकि आम लोगों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां सुलभ हो सकें। बैठक में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके अलावा राजधानी के चारों विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी उपस्थित रहे।

**बैठक में ये भी रहे मौजूद :** बैठक में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवां विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित जिला स्तरीय अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रत्येक गांव में कम से कम एक तालाब को सौंदर्यीकरण के लिए करें चयन

सांसद ने बैठक में जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऐसे तालाब का चयन किया जाए, जिसका अधिकतम उपयोग ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। इस तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए। उन्होंने जिले की जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए गए कि जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वर्ष 2026-27 तक जिले में कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर अथवा भवनविहीन न रहे। इसके साथ ही स्कूलों में बाउंड्रीवॉल एवं शौचालयों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

## एनएचएम कर्मचारियों ने की अनुभव अंक की मांग

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ ने नियमित भर्तियों में अनुभव के आधार पर अंक प्रदान किए जाने की मांग की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अमित मिरी एवं प्रवक्ता पुरन दास का कहना है कि कोविड काल में मात्र छह माह कार्य करने वाले कर्मचारियों को नियमित भर्ती में अनुभव का अंक दिया गया है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में वर्षों से सेवा दे रहे संविदा कर्मचारियों को दरकिनार किया जा रहा है, जो कि पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। एनएचएम के अंतर्गत वर्षों से संविदा आधार पर कार्यरत स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, चिकित्सक सहित अन्य पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को पूर्व की भर्तियों में उनके अनुभव के आधार पर अंक प्रदान किए जाते रहे हैं तथा उसी आधार पर वरीयता क्रम में चयन भी किया गया है।









लाइव इवेंट

## स्टूडेंट्स ने मेंटर्स को प्रेजेंट किए बिजनेस मॉडल, स्टार्टअप्स के लिए 1.5 करोड़ की फंडिंग




**रायपुर।** एनआईटी में स्टार्टअप कैपिटल कनेक्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर संस्थान के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कलकत्ता इनोवेशन पार्क के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यशाला में स्टार्टअप्स, निवेशक, सरकारी अधिकारी एवं उद्योग विशेषज्ञ एक साझा मंच पर एकत्र हुए, जिसका उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और वित्तपोषण के अवसर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण इंटेंसिव पिचिंग सेशन रहा, जिसमें एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा इनक्यूबेट किए गए 15 स्टार्टअप्स ने संभावित निवेशकों एवं मेंटर्स के समक्ष अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए। इससे फंडिंग, रणनीतिक साझेदारी और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के नए अवसर सृजित हुए। कार्यक्रम के दौरान योग्य इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स के लिए 1.5 करोड़ तक के फंडिंग सपोर्ट की घोषणा भी की गई, जिससे मध्य भारत में स्टार्टअप विकास के उत्प्रेरक के रूप में एनआईटी रायपुर की भूमिका और सुदृढ़ हुई।

### उद्यमिता को सरल बनाने प्रतिबद्ध

उन्होंने देश में नौकरी तलाशने वालों से नौकरी देने वालों की ओर हो रहे परिवर्तन पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया पहल की पिछले एक दशक की उपलब्धियों की सराहना की। डॉ. अनुज के शुक्ला फैकल्टी इन-चार्ज ने संस्थान के उल्लेखनीय विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज यह 47 इनक्यूबेटर्स के नेटवर्क तक विस्तारित हो चुका है। प्रो. समीर बाजपेयी प्रमुख सीडीसी एवं बोर्ड डायरेक्टर ने आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत उद्यमिता को सरल बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर बल दिया। कार्यशाला में उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी प्रतिनिधियों द्वारा उच्च-प्रभाव वाले सत्र आयोजित किए गए। सौजित दास सीनियर मैनेजर ने 21 राज्यों में 1,000 से अधिक स्टार्टअप्स के मेंटरिंग अनुभव साझा किए और छत्तीसगढ़ में साझेदारी विस्तार में गहरी रुचि व्यक्त की। जुल्फिकार त्रिवेदी मेंटर एवं सीएफओ सोमरसेट इंडस कैपिटल पार्टनर्स ने निवेश-तैयारी, पूंजी नियोजन और फंडिंग रणनीतियों पर एक व्यापक मास्टरक्लास प्रस्तुत की। जुबैर खान, एचडीएफसी बैंक ने स्टार्टअप्स के संचालन को सुदृढ़ करने और स्केलेबल ग्रोथ को सक्षम बनाने हेतु अनुकूल बैंकिंग समाधानों की जानकारी दी।

# मॉडल्स ने रैंप पर बिखेरा फैशन-ब्यूटी का जलवा

डिजाइनर्स के ट्रेंडी आउटफिट में लुभाया



### शहर के ड्रेस, ज्वेलरी डिजाइनर्स और ब्यूटी एक्सपर्ट ने बताई परफेक्ट मॉडर्न एंड ट्रेडिशन लाइफ स्टाइल

वीआईपी रोड स्थित दि हाउस ऑफ लोकल में शुक्रवार को फैशन का जलवा छाया रहा। शहर के जाने-माने ज्वेलरी एंड ड्रेस डिजानर्स के ट्रेंड्री आउटफिट पहनकर मॉडल्स ने रैंप पर एलिट फैशन एंड ब्यूटी का कमाल दिखाया। इसमें डिजाइनर ओसिन सोनी का फैशन क्लेक्शन लहंगा, इंडो-वेस्टर्न, मॉडर्न सिल्हूट, खुशबू अरोरा की वैल्यू ड्राइवेन स्टाइल वियर, योगेश मुथरेजा की पार्टी, ब्राइडल और ट्रेडिशनल फैशन को मॉडल्स ने रैंप पर प्रजेंट किया। यह मौका रहा लुमिनारा फैशन समिट का।












**रायपुर।** इवेंट में शहर के टॉप ड्रेस एंड ज्वेलरी डिजाइनर्स के एक से बढ़कर एक आउटफिट, ज्वेलरी को गर्ल्स मॉडल्स ने रैंप वॉक के माध्यम से प्रेजेंट किया। इसमें फैशन, डिजाइनर्स ब्रांड और उद्योग जगत से जुड़े लोगों का जमावड़ा लगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक चला, जिसमें म्यूजिक-सांग्स के साथ रैंप वॉक से आयोजकों ने ऑडियंस को फैशन, ब्यूटी से जोड़े रखा। लुमिनारा फैशन समिट की आयोजक प्रिया लालवानी ने बताया कि शहरवासियों को एक एलिट फैशन एंड ब्यूटी लाइफ स्टाइल से जोड़ने लुमिनारा फैशन समिट का तीसरा सीजन द वेलवेट अफेयर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस समिट का उद्देश्य एक ऐसे फैशन एंड ब्यूटी का वातावरण लोगों को उपलब्ध कराना और जागरूक करना है, जो उनके लिए आउटफिट, ज्वेलरी, ब्यूटी में कौन-सा फैशन परफेक्ट है, जो उसके जीवनशैली को हेल्दी रखने के साथ उनके व्यक्तित्व को भी परफेक्ट बनाता है। इस इवेंट में फैशन एंड ब्यूटी से जुड़े डिजाइनर्स, ब्यूटिशियन्स और उद्योग जगत के पेशेवर एक्सपर्ट को हिस्सा बनाकर ऑडियंस से रूबरू कराया गया। इस मंच पर फैशन एक्सपर्ट व ऑडियंस ने एलिट फैशन, स्टार्टअप मार्केटिंग के बारे में आइडियाज शेयर किए।

**आधुनिक और पारंपरिक फैशन से कराया रूबरू:** इस कार्यक्रम में कई डिजाइनरों द्वारा फैशन शोकेस, पैनल चर्चाएं, ब्रांड स्टॉल और इंटरैक्टिव एक्सपीरियंस जोन के माध्यम से उपस्थित लोगों को आधुनिक एवं परंपरागत समकालीन फैशन से रूबरू कराया। यहां बदलते समय के साथ फैशन को स्वस्थ जीवनशैली के मद्देनजर उपभोक्ता वर्ग और फैशन एवं लग्जरी में बढ़ती रुचि को उजागर करने वाले एक मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया।



### ब्यूटी एक्सपर्ट ने साझा किए टिप्स

*ब्यूटी एक्सपर्ट नम्रता गुगलानी ने लेजर ट्रीटमेंट, सेमी-परमानेंट मेकअप, प्रोस्थेटिक्स और अन्य विशेष तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य रायपुर के दर्शकों को लग्जरी फैशन और प्रीमियम जीवनशैली के अनुभवों से परिचित कराना है, साथ ही गुणवत्ता, शिल्प कौशल और डिजाइन के प्रति सराहना को बढ़ावा देना है।*

### लाइव अकॉस्टिक म्यूजिक पर झूमे ऑडियंस

*फैशन का वेलकम लाइव अकॉस्टिक म्यूजिक से हुआ। इसमें अनाम और नवोदित ने अपने लाइव अकॉस्टिक म्यूजिक परफार्मेंस से फैशन इवेंट की महफिल को कर्णप्रिय और मनोरंजक बनाया। इन कलाकारों की संगीत व गीतों पर ऑडियंस झूमते रहे। लाइव अकॉस्टिक म्यूजिक दर्शकों के लिए यादगार बन गया।*

# साइंस सब्जेक्ट के टॉपिक्स का करें रिवीजन, सूत्रों को प्रैक्टिस से समझें

**रायपुर।** 12वीं साइंस संकाय का विषय प्रैक्टिकली स्टडी से ही समझा और जाना जा सकता है। ऐसे में चाहे जीव विज्ञान हो, रसायन शास्त्र व फिजिक्स का विषय, यह नियमित प्रैक्टिस मांगता है। प्रैक्टिस से ही साइंस सब्जेक्ट के प्रश्नों व फार्मूलों को समझा व याद रखा जाना संभव हो पाता है। ऐसा करने से एग्जाम हॉल में सवालों व उनको हल करने के सूत्रों को आसानी से स्टूडेंट्स लिख पाते हैं। हम स्कूल में बच्चों को बोर्ड एग्जाम पैटर्न के अनुरूप तैयारी कराते हैं, ताकि वे एग्जाम में सफल हो सकें। इसके लिए निर्धारित बोर्ड पैटर्न के अनुसार सिलेबस बेस प्रश्नों को अंक विभाजन के हिसाब से हल कराना शामिल है। इसके लिए क्लासरूम में 12वीं के सभी विषयों के सिलेबस में विद्यार्थियों को प्रैक्टिस से समझाने व याद रखने के तरीके बताते हैं। जेएन पांडे हायर सेकेंडरी स्कूल के फिजिक्स विषय के टीचर प्रमोद पांडे ने बोर्ड परीक्षा के टिप्स साझा करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि सीजी बोर्ड द्वारा दिए गए प्रश्नों के नोट्स बनाकर भली-भांति उनका रिवीजन करें। इस तरह से जो स्टूडेंट्स इस वर्ष बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए हरिभूमि ने शहर के हायर सेकेंडरी स्कूल के फिजिक्स टीचर्स से खास बातचीत की, जिस पर टीचर्स ने एग्जाम टिप्स साझा किए।



### फिजिक्स के नॉलेज बेस प्रश्नों पर ध्यान दें

हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा को लेकर दिए एग्जाम टिप्स

12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए फिजिक्स विषय पर टिप्स देते हुए बताते हैं कि स्टूडेंट्स मॉक टेस्ट और मॉडल पेपर को हल करना शुरू करें। इसी के आधार पर हम बच्चों को फिजिक्स विषय के प्रश्नों, सूत्रों की प्रैक्टिस कराते हैं। क्लास में नियमित यूनिट टेस्ट के साथ ही प्री-बोर्ड एग्जाम भी होता है। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफलता के साथ ही अच्छे अंक हासिल करने हैं तो क्लास में यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड एग्जाम के सवालों को नियमित घर पर हल करना चाहिए। ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में फिजिक्स के नॉलेज बेस प्रश्न आते हैं। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफल होना है तो नियमित मॉक टेस्ट और सैंपल पेपर हल करना बहुत जरूरी है।

### बॉयोलॉजी टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल

साइंस टीचर सरिता देवांगन बताती हैं कि मैं बॉयोलॉजी की टीचर्स हूं, अपने सब्जेक्ट की रीडिंग कक्षा में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की कंप्लीट तैयारी इसी ट्रिक्स से पूरे शैक्षणिक सत्र में कराती हूं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का मानसिक दबाव या तनाव नहीं रह जाता है। प्रोयोगिक परीक्षा में वाइवा की भी तैयारी कराते हैं। बॉयोलॉजी में डीएनए क्रोमोसोम, इकोसिस्टम, एल्कोहल जैसे टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल कराया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स उस टॉपिक्स को स्वयं करके और देखकर समझें और याद रखें। इसके अलावा ब्लूप्रिंट, पांच सालों के प्रश्नपत्रों को हल कराना, क्वार्टली व हॉफ ईयरली एग्जाम, प्री-बोर्ड परीक्षा, मंथली टेस्ट से रिटर्न वर्क स्टूडेंट्स की परीक्षा को लेकर रही-सही कसर को पूरा कर देता है।

## आर्ट गैलरी में सजेगी फ्रेंडस की जुगलबंदी कला प्रदर्शनी

**रायपुर।** सांस्कृतिक संस्था रूपक एवं लायंस क्लब रायपुर फ्रेंडस द्वारा जुगलबंदी कला प्रदर्शनी का आयोजन महाकोशल आर्ट गैलरी में 17 जनवरी को गोधूलि बेला में किया जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश मिश्र एवं सुजाता मिश्र, डॉ. केबी शर्मा, सुमनेष वत्स द्वारा इसका संयुक्त रूप से शाम 6 बजे शुभारंभ किया जाएगा। महाकोशल आर्ट गैलरी में सजने वाली प्रदर्शनी का समापन 18 जनवरी को 12 बजे किया जाएगा। दर्शक इस कला प्रदर्शनी को निशुल्क आर्ट गैलरी में सुबह 10 दोपहर 12 बजे तक देख सकेंगे। प्रदर्शनी में गणेश चतुर्थी, गणेश विसर्जन, दुर्गा उत्सव, सिंदुर खेला, दुर्गा विसर्जन, श्रीराम द्वारा रावण वध, दशहरा पर्व की झलक देखने को मिलने वाली है।









## सिटी लाइव

# माड्यूलर किचन के लिए दुबई में मिला इंटरनेशनल अवार्ड



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद और बृहन्महाराष्ट्र मंडल छत्तीसगढ़ के कार्यवाह सुबोध टोले को उनके माड्यूलर किचन और फिर्निशिंग सॉल्यूशन' की विश्वसनीय सेवाओं के लिए इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया। उनको दुबई के हॉटल अल खुरई स्कॉय गार्डन में आयोजित सक्षम बिजनेस समिट एंड इंटरनेशनल अवार्ड फंक्शन में पुरस्कार मिला। सुबोध टोले ने बताया कि यह पुरस्कार डिजाइन किए गए उच्च गुणवत्ता वाले किचन इंटीरियर्स, फर्नीचर और ग्राहकों की संतुष्टि के लिए प्रदान किया गया है। इस ग्लोबल एकेडेमिक फोरम और संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्ष रेबीका जे. दाही ने रसोई में बेहतरीन परफार्मेंस के लिए उन्हें अवार्ड प्रदान किया।

### डिजाइन की गई रसोई को अच्छा रिस्पांस मिला

श्री टोले ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से गुणवत्ता और भरोसे के साथ काम करने से माड्यूलर रसोई के लिए यह सम्मान हमारी टीम की मेहनत और ग्राहकों के विश्वास का प्रतीक है। श्री टोले ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए विगत 25 वर्षों से की जा रही मेहनत और डिजाइन की गई रसोई को अच्छा रिस्पांस मिला। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले सहित कार्यकारिणी सदस्यों व विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों ने सुबोध टोले को इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अवार्ड प्राप्त करने से जुड़ी यादों को उन्होंने साझा किया।

## इवेंट लाइव

# सेव बंगाल और सेव इंडिया के तहत आज हिंदू-बंग सम्मेलन




**रायपुर।** सेव बंगाल-सेव इंडिया मुहिम के तहत 17 जनवरी को राज्य स्तरीय हिंदू-बंग सम्मेलन का आयोजन वीआईपी रोड स्थित स्वामी परमानंद अकादमी में आयोजित है। इसमें छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न जिलों से बंगाली समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पद्मश्री स्वामी कार्तिक महाराज होंगे, जिन्हें देशभर में हिंदू हृदय सम्राट के रूप में जाना जाता है। वे हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को लेकर अपनी सशक्त और प्रभावशाली विचारधारा से लोगों को जोड़ने की पहल करेंगे। इसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सरसंघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि पश्चिम बंगाल के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं कानूनविद देबोजीत सरकार होंगे।

### सम्मेलन में शामिल होंगे समाज के प्रतिनिधि

सेव इंडिया-सेव बंगाल मुहिम के फाउंडर मेंबर गोपाल सामंतो, विवेक वर्धन, तरुण वैद्य और महादेव महतो ने यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। आगे बताया कि इसमें समाज के लोगों की सहभागिता भी रहेगी। यह सम्मेलन बांग्ला भाषा और बंगाली समाज के गौरवशाली इतिहास को मिटाने के प्रयासों के खिलाफ सामूहिक आवाज है। इस सम्मेलन में रायपुर के साथ सूरजपुर, चिरमिरी, अंबिकापुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, पखांजूर, कांकेर, जगदलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से बंगाली समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले सम्मेलन में पांच हजार से ज्यादा लोग शिरकत करेंगे।

## समाज इवेंट

# लोहड़ी दी रात का पोस्टर विमोचित, मनाएंगे उत्सव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन और अंबुजा मॉल द्वारा आयोजित लोहड़ी दी रात की श्रृंखला में 17 जनवरी को मॉल में भव्य आयोजन होगा। इसमें समाज के लोग उत्साह से उत्सव का हिस्सा बनेंगे। लोहड़ी के पोस्टर का विमोचन छत्तीसगढ़ सिख फोरम के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया द्वारा किया गया। इसके साथ ही पारंपरिक पर्व से समाज के हर वर्ग को जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए आयोजकों ने रूपरेखा तय की है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलदेव सिंह भाटिया होंगे एवं अध्यक्षता कुलदीप सिंह जुनेजा करेंगे। इस अवसर पर दी जाने वाली प्रस्तुति के लिए अलग-अलग ग्रुप की महिलाओं और युवाओं ने तैयारी की है।

### संस्कृति से जुड़े गिद्धा और भांगड़ा की बिखरेगी छटा

लोहड़ी दी रात की श्रृंखला में लोगों को भांगड़ा, गिद्धा, मिस्टर सिंह, सोहनी जोड़ी, न्यूबॉर्न बेबी जैसे आकर्षक कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में पंजाबी गीत-संगीत के साथ ही पर्व से जुड़ी सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिलेगी। इसके लिए महिला विंग ने तैयारी की है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह होरा, गुरमीत सिंह, मोनू सलूजा, रिंकू सैनी एवं सिख समाज के लोग शिरकत करेंगे। इनके बीच पंजाब की कला और संस्कृति से जुड़े गिद्धा और भांगड़ा की आकर्षक छटा बिखरेगी।

● राजधानीवासी घर-ऑफिस समेत संस्थानों में भी पॉजिटिव एनर्जी के लिए कर रहे हैं फ्रेमवर्क आर्ट का उपयोग

# दौड़ते सात श्वेत अश्व, उगता सूरज और वॉटरफॉल वास्तु के अनुरूप सजाने का ट्रेंड, लोगों को भा रही फ्रेमवर्क सीनरी

**रायपुर।** वास्तु के अनुसार घर-ऑफिस और बेडरूम को सजाने के लिए फ्रेम, सीनरी और फ्लॉवर पॉट का चुनाव दिशा तथा ऊर्जा के संतुलन के लिए किया जाने लगा है। ज्योतिषाचार्य देवेन्द्र पांडेय ने बताया कि जिस तरह उत्तर और पूर्व में शुभ पौधे और सीनरी लगा सकते हैं। बेडरूम में शांति दायक रंग और दक्षिण-पश्चिम में परिवार की तस्वीरें लगाएं। मुरझाए फूलों और नुकीली कला कृतियों को सजाने से बचें, ताकि सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि बनी रहे। श्री पांडेय ने बताया कि पहले लोग सामान्य तौर पर सिर्फ भगवान की फ्रेमिंग तस्वीरों को सजाते थे। सीनरी के नाम पर सिर्फ कबूतर, दिल, गांव के दृष्यों सहित फिल्मी सितारों को पसंद के अनुरुप सजाने थे।अब लोग ज्योतिषाचार्यों से सलाह लेने के बाद निर्माण शुरू करते हैं। घर-ऑफिस का निर्माण पूरा होने पर वास्तु के अनुरुप ही साज-सज्जा को तवज्जों देते हैं।

'आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ भरे जीवन में लोग पॉजिटिव एनर्जी के लिए वास्तु के अनुरूप ज्यादातर फ्रेमवर्क सीनरी सजाने लगे हैं। ऑफिस और संस्थानों में दौड़ते हुए सात श्वेत घोड़े, उगता हुआ सूरज और वॉटरफॉल को भी सजाने में रुचि ले रहे हैं। इससे शहर में फोटो फ्रेमिंग के हुनरमंदों की डिमांड कायम है। समय के साथ आकर्षक फ्रेमवर्क सीनरी में प्रिंटेड मनोहारी दृश्यों को लेकर आध्यात्म की ओर भी लोगों का रुझान बढ़ा है। अब सिर्फ तीज-त्योहार में ही नहीं, बल्कि सामान्य सीजन में भी सीनरी वर्क की डिमांड कायम है।'





### राधाकृष्ण, गाय और रामदरबार भी डिमांड में

एमजी रोड पर फ्रेमवर्क से जुड़े व्यावसायी संजय सिंह ने बताया कि लोग वास्तु के अनुरूप अब सजावट के लिए साजो-सामान खरीदने लगे हैं। बर्फ से लदा पहाड़, राधाकृष्ण, गाय के साथ, राम दरबार का फ्रेमवर्क आर्ट सजाना पसंद करते हैं। आराध्य देवी-देवता समेत कलरफुल फ्लॉवर, नेचुरल दृश्यों के साथ मॉर्डन आर्ट को भी सजाने के लिए खरीदने लगे हैं। तीन हजार से लेकर 25 हजार की रेंज में फ्रेमवर्क आर्ट में 12 बाई 18 की साइज से लेकर 2 बाई तीन वर्गफीट की सीनरी उपलब्ध कराते हैं। कई लोग मकान और संस्थानों को अलग लुक देने के लिए पसंद के अनुरूप थीम बेस्ड काम भी कराते हैं।



### देवी-देवताओं के लाइटिंग से सजे फ्रेमिंग आर्ट

व्यावसायी युवराज सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी एलईडी मूर्तियों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ने लगा है। इसे पूजा कक्ष में सजाने के लिए लोग आर्डर भी करते हैं। इसमें सीनरी वर्क से जुड़े आर्ट ही नहीं बल्कि आराध्य देवी-देवताओं की लाइटिंग से सजे फ्रेमिंग आर्ट सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। ज्यादातर लोग राम दरबार, राधा और कृष्ण, शिव परिवार की फ्रेमिंग एलईडी को खरीदना पसंद करते हैं। इसके अलावा साज-श्रृंगार के लिए सीनरी वर्क में प्राकृतिक छटा से सजे आकर्षक दृश्य दीवार पर सजाने के लिए लेते हैं।





### पानी से जुड़ी सीनरी उत्तर पूर्व की दीवार पर सजाएं

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि फूलों के गमलों से सजी पेंटिंग को बेडरूम के उत्तर या पूर्व दिशा में रखें। सूखे या मुरझाए फूलों के दृष्य दीवार पर सजाने से बचें। सीनरी और पेंटिंग में पानी से जुड़ी सीनरी (जैसे झरने) उत्तर या पूर्व की दीवार पर लगा सकते हैं। जबकि प्रकृति - संबंधी कला कृतियों को कमरे के दक्षिण-पश्चिम में लगाएं। ऑफिस में फ्लावर पॉट, मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, पीस लिली जैसे पौधे की आकर्षक फ्रेमवर्क सीनरी को उत्तर या पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इसी तरह बेडरूम में फ्रेमिंग सीनरी में बुद्ध की पेंटिंग, नीले और गुलाबी रंगों से सजे दृष्यों को स्थान देना चाहिए।

# शुभारंभ फाउंडेशन ने मनाया मकर संक्रांति महोत्सव

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शुभारंभ फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को मकर संक्रांति महोत्सव मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि वर्णिका शर्मा, विशेष अतिथि चंद्रकांता गोलछा, दीपांशा जैन रहीं। वहीं मुख्य वक्ता डॉ. ईला गुप्ता, शीला शर्मा और मंजूषा संत रहीं। कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाली 51 महिलाओं का सम्मान किया गया। शुभारंभ की महिला सदस्यों ने सज-धज कर हल्दी-कुमकुम का महत्व समझाते हुए आने वाली पीढ़ी को संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आयोजन में शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा कटंकर ने यह संदेश दिया कि मकर संक्रांति का पावन पर्व साल का पहला पर्व हल्दी-कुमकुम के साथ सभी महिलाएं मनाएं। संस्था की सचिव डॉ. अरुणा यादव ने मंच संचालन किया और कोषाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में लाहोटी मित्र मंडल का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में शुभारंभ फाउंडेशन के सदस्य लक्ष्मी जिलाहारे, खुशबू शर्मा, अर्चना वोरा, गौरी अवधिया, छविलाल सोनी, अन्नपूर्णा शर्मा, देवेन्द्र सोनी, तरूण घोष, दौलती गुप्ता, रुनाली चक्रवर्ती, प्रीति ठाकुर, नंदिनी, सुषमा ध्रुव आदि उपस्थित रहे।




### थैले बांटकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

कार्यक्रम में शुभारंभ के सदस्यों द्वारा नो पॉलीथिन के तहत उपस्थित सदस्यों व दर्शकों को थैले वितरित किए गए और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। सदस्य शुभांगी आप्टे ने लोगों को बाजार व राशन दुकान से सामान लाने के लिए कपड़े या इको फ्रेंडली थैले का इस्तेमाल करने की अपील की। उक्त जानकारी संस्था की अध्यक्ष डॉ. सीमा कटंकर ने दी।

# जो नशे के दर पर होता है, वह हमेशा दरबदर होता है....

**रायपुर।** शुक्रवार को नशे के विरोध में कवियों ने वृंदावन सिविल लाइन में कविता पाठ किया। नशे के विरोध में इस काव्य गोष्ठी में कवि सुनील पांडे ने कविता की पंक्ति जो व्यक्ति नशे के दर पर होता है, वह हमेशा दर-बदर होता है... पढ़ी। इससे काव्य गोष्ठी में पहुंचे कविता प्रेमी नशे के विरूध जागरुक हो उठे। यह आयोजन नव छत्तीसगढ़ साहित्यिक,सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में नशे के विरोध में नशे की संगति जीवन की बड़ी विपत्ति विषय पर सारगर्भित वैचारिक,साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राजीव चंद्र श्रीवास्तव पूर्व आईपीएस, अध्यक्ष संजीव कुमार ठाकुर कवि, स्तंभकार और विशिष्ट अतिथि जयंत थोराट पूर्व आईपीएस, शताब्दी पांडे कवयित्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता, मनोज मसंद, कवि- सामाजिक कार्यकर्ता और एमके गौतम पूर्व संचालक फोरेंसिक प्रयोगशाला, कवि अम्बर शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शशांक खरे ने किया। सरस्वती वंदना कवयित्री सुषमा पटेल और संयोजन पल्लवी रूमा झा ने किया कार्यक्रम की परिकल्पना सुमन शर्मा वाजपेई ने की। नशे के विरोध में काव्य गोष्ठी का संचालन कवि सुनील पांडे ने किया।




### इन्होंने कविता से दिया नशे के विरुद्ध संदेश

इस कवि सम्मेलन में अभिषेक शर्मा ,कवि ऋषभदेव साहू ,भूपेंद्र शर्मा, राजकुमार धर द्विवेदी, मोहन शोभा मोहन श्रीवास्तव, नितेश ठाकुर, शोभा देवी शर्मा, यशवंत यदु, अनीता दुबे, शकुंतला तरार, देवाशीष अधिकारी, रीमा अधिकारी, माहेश्वरी पांडे, पुनीत कृष्णा, डॉ. एके सिंह, डॉ. बीना सिंह, सुदीप शर्मा, छबिलाल सोनी ने कविता पाठ से श्रोताओं में नशे के विरूध जागरुकता लाई।

# तेलुगू समाज ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से मनाया भोगी पर्व



**रायपुर।** शहर में अलग-अलग राज्यों के लोगों का निवास है। इससे परंपराओं में विविधता के बाद भी सांस्कृतिक एकता के चलते उत्सव का माहौल हर वर्ग को मिलता है। इसी क्रम में विगत दिनों भोगी पर्व और मकर संक्रांति का आयोजन किया गया। पर्व मनाने का अवसर तेलुगू समाज के लोगों को मिला। इसके लिए तेलुगू वेलफेयर सोसाइटी द्वारा की गई पहल के चलते उत्सव का माहौल बना। त्योहार को यादगार बनाने के लिए समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जहां वेदाचार्यों और पंडितों के माध्यम से पूजन किया गया। भोगी जलाई गई। इस उत्सव को खास बनाने में समाज के लोगों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इसमें महिलाओं की भागीदारी से भोगी पर्व का नियम किया गया।

### परंपराओं से जोड़ने करेंगे संयुक्त प्रयास

समाज की महिलाओं ने भोगी पर्व के अवसर पर हल्दी, कुमकुम का आदान-प्रदान किया। आयोजन में 1500 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। तेलुगू वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष टी. गोपी और सचिव के. सत्या बाबू ने बताया कि इस आयोजन की परंपरा 15 वर्षों से बड़े ही धूमधाम से निभाई जा रही है। आगामी वर्षों में इस पर्व का आयोजन और बड़े पैमाने पर किया जाएगा। इसके लिए चर्चा करके वृहद रूप देने को लेकर समाज में सहमति भी बन रही है। सोसायटी द्वारा किए गए आयोजन में समाज के लोगों से यह कामना की गई है। इससे समाज की भावी पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं से जोड़ने के लिए सफल प्रयास किया जाएगा।

राजधानी के प्रमुख मंदिरों में उत्सव का माहौल बनाने आयोजकों ने शुरू की तैयारी

# अयोध्या में रामलला के स्थापना दिवस पर मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के दीप, भक्त फूलों से करेंगे श्रृंगार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अयोध्या में रामलला के स्थापना दिवस पर शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्तिमय माहौल देने की तैयारी शुरु हो गई है। कई लोगों ने इसे उत्सव का रूप देने के लिए सेड्यूल भी तय कर लिया है। जबकि कई आयोजकों द्वारा रविवार को उत्सव को खास बनाने निर्णय लिया जाएगा। हर साल की तरह वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में उत्सव का माहौल बनेगा। जहां भक्तों की सुविधा के लिए भक्तों की टीम सेवा देगी। वहीं आने वाले श्रद्धालुओं को आराध्य देव आकर्षक परिधान में दर्शन देंगे। फूलों से श्रृंगार करने के साथ ही गर्भगृह को फूलों से सजाया जाएगा। दर्शन के लिए आने वाले भक्त परिवारों को भजन-कीर्तन का हिस्सा बनने का भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही आकर्षक लाइटों से मंदिर परिसर सराबोर मिलेगा। महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर सहित आराध्य देव के श्रीधाम में उत्सव का माहौल बनने वाला है।



### इन मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार

शहर में कृषि उपज मंडी के पास स्थित राम-जानकी मंदिर में तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। मंदिर के पुजारी की अगुवाई में 22 जनवरी को भगवान का फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। इसी तरह बंजारी धाम, दूधाधारी मठ, जैतूसाव में भी पारंपरिक तरीके से इस साल भी उत्सव मनाया जाएगा। जहां महिलाओं की भजन मंडली को भी आमंत्रित किया गया है। महामाया मंदिर में भी स्थापना दिवस उत्सव की तरह मनाया जाएगा। आसपास रहने वाले परिवारों के लोग भगवान के श्रीधाम में रंगोली सजाने के साथ ही दीपों की कतार सजाएंगे।



### 10 हजार दीपों से भगवान राम की आरती

अयोध्या में रामलला के स्थापना दिवस पर जहां भव्य आतिशबाजी होगी वही रामलला मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर बिरगांव नगर क्षेत्र में शनिवार को 10000 दीपों से भगवान राम की भव्य आरती की जाएगी। बिरगांव के बुधवारी बाजार में दीप महायज्ञ की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में धर्म प्रचार प्रकोष्ठ देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष भीखम लाल देवांगन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में रामलला मंदिर का स्थापना दिवस 22 जनवरी को है। उस उपलक्ष्य में बिरगांव में 17 जनवरी को दीप यज्ञ का किया जा रहा है। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, स्थानीय विधायक, देवांगन समाज महिला विंग अध्यक्ष किरण देवांगन, भाजपा के रमेश ठाकुर, ओमप्रकाश देवांगन के साथ गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस भी शामिल होंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी से 20 जनवरी तक सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल रायपुर में किया जा रहा है। अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, सीबीएसई, दिल्ली, गुजरात, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, विद्या भारती और छत्तीसगढ़ सहित 15 राज्यों की बालक बालिका की टीमे शामिल होंगी। जिसमें 114 बालक और 116 बालिका सहित कुल 230 खिलाड़ी भाग लेंगे। गतका खेल पंजाब का एक पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट व आत्म रक्षा की कला है जिसमें तलवार ढाल लाठी (जिसे गतका कहते हैं) का इस्तेमाल होता है। प्राचीन समय में ये आत्मरक्षा हेतु सिखों के गुरुओं द्वारा इसे उपयोग में लाया जाता था तथा समय बीतने पर यह मार्शल आर्ट खेलों में भी तब्दील हो गया। वर्तमान में यह खेल संपूर्ण भारत में प्रचलित हो चला है तथा खेलों के साथ-साथ आत्मरक्षा हेतु भी इसका प्रयोग होने लगा है। 17 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल के हाल मे उक्त प्रतियोगिता का शुभारम्भ होने जा रहा है।

### अंडर-19 अंतिम राउंड के मैच आज से




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम राउंड के मैच 17 जनवरी से खेले जाएंगे। इनमें साइंस कॉलेज मैदान राजनांदगांव में टीम रायपुर विरुद्ध कांकेर, दल्ली राजहरा में टीम राजनांदगांव विरुद्ध रायपुर ब्लू, धमतरी में टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर और न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम दुर्ग विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के मुकाबले होंगे।

### राज्य स्तरीय स्वर्ण कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता 30 जनवरी से

**रायपुर।** छठवीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 01 फरवरी तक बिलासपुर में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण संस्थान बाहतराई मे होंगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों से 550 पुरुष एवं महिला खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे।



प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ एवं जिला संघ के सयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 5 वर्ग समूहों फ्रेशर, सब जूनियर, कैडेट, जूनियर बालक/ बालिका एवं सीनियर महिला/पुरुष वर्गों मे आयोजित होंगी। राज्य ताइक्वांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने जानकारी दी कि आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल सुविधाएं, योग्य रेफरी, चिकित्सा सुविधा एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

### इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रतिभा दिखाई बच्चों ने



**रायपुर।** सेंट जेवियर सिरगिट्टी विद्यालय बिलासपुर द्वारा इंटर स्कूल बैडमिंटन दो दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन 12 व 13 जनवरी को स्थानीय सीएमडी महाविद्यालय के बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित किया गया था। जिसमें शहर के तमाम निजी एवं शासकीय विद्यालयों के अंडर 17 बालक/बालिका खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस टूर्नामेंट में आयुष बैडमिंटन एकेडमी, रेलवे, के खिलाड़ियों ने सिंगल बालक वर्ग में ज़यान अली चैंपियन रहे एवं रनर अप मोहम्मद आरिज़ एवं डबल्स बालक वर्ग में मोहम्मद आरिज़ एवं जैनुल खान चैंपियन रहे। एकेडमी से इस टूर्नामेंट में साराव यादव जैन इंटर नेशनल स्कूल, डी अविछित रेलवे स्कूल, शौर्य उभरनी बिलियंट स्कूल, मानविक शाह बिलियंट स्कूल का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा.खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रदेश एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह एवं बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव एवं वरिष्ठ कोच हेमंत परिहार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## किडनी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने अपनाएं जरूरी उपाय

# गुर्दे में जमा हो गई गंदगी तो कुदरती उपायों को अपनाने करें पहल, आसानी से होगी डिटॉक्स

हमारे देश की एक बड़ी आबादी किडनी संबंधित की समस्याओं से परेशान है। इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें एक बड़ा कारण है कि लोग समय समय पर किडनी को डिटॉक्स करने के बारे में कोई कदम नहीं उठाते हैं। इसलिए किडनी को डिटॉक्स करने के कुछ नेचुरल उपाय के बारे में आपको जानना चाहिए।

हमारी किडनी शरीर से दिन-रात खून को छानने और टॉक्सिन्स को बाहर निकालने का काम करती है। मगर आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर गुजरते दिन के साथ प्रोसेस्ड फूड का कंजंप्शन भी बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा प्रदूषण भी किडनी को प्रभावित करने का एक बड़ा कारण है। बहुत से लोगों को अत्यधिक नमक और कम पानी पीने की आदत होती है, जो किडनी के काम का बोझ और बढ़ा देता है, ऐसे में उसमें गंदगी जमा होने लगती है।

जब किडनी सही ढंग से फिल्टर नहीं कर पाती, तो शरीर में क्रिएटिनिन और यूरिया जैसे हानिकारक तत्वों का लेवल बढ़ जाता है, जो आगे चलकर किडनी स्टोन या किडनी फेलियर का कारण बन जाता है। अक्सर हम गाड़ी की सर्विसिंग तो समय पर कराते हैं, लेकिन शरीर के इस सबसे महत्वपूर्ण फिल्टर को भूल



जाते हैं। अगर आपको दिनभर थकान के साथ टखनों में सूजन रहती है या यूरिन के रंग में बदलाव दिख रहा है, तो समझ लीजिए कि आपको किडनी को 'डिटॉक्स' करने की जरूरत है। कुछ आसान और नेचुरल उपायों को अपनाकर आप घर बैठे ही अपनी किडनी को डिटॉक्स कर सकते हैं और इसे गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं।

### किडनी में गंदगी जमा होने के शुरुआती लक्षण क्या हैं?

किडनी अपनी तकलीफ का संकेत कुछ इस तरह देती है- पर्याप्त पानी पीने के बाद भी पेशाब का रंग गहरा होना। ध्यान रखें कि अगर पेशाब में झाग आ रहा है तो ये एक गंभीर चेतावनी हो सकती है, ऐसे में तुरंत डॉक्टर से मिलें। चेहरे, आंखों के नीचे हल्का सूजन आना और कई मामलों में पैरों के टखनों में भी परेशानी हो सकती है। खून में टॉक्सिन्स बढ़ने से त्वचा में रूखापन और खुजली होने लगती है।

बिना कारण पसलियों के ठीक नीचे पिछले हिस्से में लगातार हल्का दर्द महसूस होना। इनमें कोई भी लक्षण अगर गंभीर रुप में दिखे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें क्योंकि वो किडनी फेलियर का शुरुआती लक्षण भी हो सकता है।



किडनी पर गंदगी का बोझ क्यों बढ़ जाता है?

किडनी के गंदगी जमा होने के पीछे हमारी ही कुछ आदतें जिम्मेदार होती हैं- पानी की कमीः पर्याप्त पानी न पीने से किडनी में टॉक्सिन जमा करने का सबसे बड़ा कारण है। कम पानी पीने से किडनी गंदगी को बाहर नहीं धकेल पाती। ज्यादा नमक और चीनीः नमक का सोडियम और चीनी का हाई लेवल किडनी की बारीक नसों को नुकसान पहुंचाता है। पेनकिलर्स का अधिक सेवनः बिना डॉक्टर की सलाह के बार-बार दर्द निवारक दवाएं लेना किडनी के लिए नुकसानदायक हो सकता है।



### नेचुरल डिटॉक्स से भविष्य में क्या लाभ होंगे?

नियमित डिटॉक्स करने से आपकी सेहत पर ये सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।किडनी की सफाई से कैल्शियम और यूरिक एसिड जमा नहीं हो पाते, जिससे स्टोन का खतरा टल जाता है। किडनी स्वस्थ रहेगी तो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करना आसान होगा। टॉक्सिन्स बाहर निकलने से आप दिनभर अधिक ऊर्जावान और सक्रिय महसूस करेंगे। समय पर सफाई भविष्य में होने वाले डायलिसिस के भारी खर्च और दर्द से बचा सकती है।

### इन जादुई ड्रिंक्स से करें किडनी की सफाई

किडनी डिटॉक्स के लिए आप छोटे-छोटे आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। रोजाना सुबह खाली पेट नींबू पानी का सेवन करें। इसके साथ ही आप धनिया का पानी या अदरक की चाय का सेवन भी कर सकते हैं।

# घर पर ऐसे बनाएं ढाबा स्टाइल मक्के की रोटी और स्वादिष्ट सरसों का साग



अगर आप भी घर पर रहकर सर्दी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो आसान विधि से तैयार करें मक्के की रोटी और सरसों का साग सर्दियों का मौसम आते ही खाने में देसी और पारंपरिक स्वाद की चाह अपने आप बढ़ जाती है। ठंडी हवाओं के बीच अगर घर पर गरमागरम और पौष्टिक खाना मिल जाए, तो सर्दी का मजा दोगुना हो जाता है। ऐसे में मक्के की रोटी और सरसों का साग उत्तर भारत की सबसे पसंदीदा विंटर डिश मानी जाती है। ये न केवल स्वाद से भरपूर होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। सरसों का साग शरीर को गर्म रखता है और मक्के की रोटी एनर्जी से भरपूर होती है। तो अगर आप भी बाहर की ठंड से बचते हुए घर पर ही सर्दी का आनंद लेना चाहते हैं, तो इस पारंपरिक रेसिपी को आसानी से घर पर बना सकते हैं। खास बात यह है कि इसे बनाने के लिए ज्यादा सामग्री या मेहनत की जरूरत नहीं होती, फिर भी इसका स्वाद लाजवाब होता है।

### साग बनाने की सही विधि

आपको सबसे पहले साग तैयार करना है। इसके लिए इसके लिए 250-300 ग्राम सरसों के पत्ते, 100 ग्राम पालक और 50 ग्राम बथुआ को अच्छे से धोकर काट लें। अब अदरक-लहसुन पेस्ट और 2-3 हरी मिर्च डालकर सभी सब्जियों को उबालें। आप चाहें तो हल्का सा नमक डालकर स्वाद बढ़ा सकते हैं। अब साग को उबालने के बाद इसे ठंडा होने दें और दरदरा पीस लें। बहुत ज्यादा महीन पीसने से साग पतला हो जाता है। कढ़ाही में 2-3 बड़े चम्मच घी गरम करें। इसमें 1 बारीक कटा प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।अब इसमें पीसा हुआ साग डालें और धीमी आंच पर 10-15 मिनट पकाएं। इसी दौरान इसमें स्वादानुसार नमक और लाल मिर्च पाउडर डाल सकते हैं। साग को बीच-बीच में हिलाते रहें। आखिर में ऊपर से 1 बड़ा चम्मच मक्खन डालें। इसमें सूखी लाल मिर्च का तड़का अवश्य लगाएं।

### मक्के की रोटी बनाने की विधि

2 कप मक्के के आटे में थोड़ा सा नमक डालें। गुनगुना पानी धीरे-धीरे डालकर नरम, थोड़ा टूटता-फूटता आटा गूंथ लें। ध्यान दें कि मक्के का आटा साधारण तरह से नहीं गूंथा जा सकता, इसलिए इसे थोड़ा संभलकर गूंथें। हाथों को सूखा रखकर आटे की छोटी लोइयां बनाएं। लोई को हथेली में दबाकर या बेलन से हल्का सा गोल आकार दें। अगर फट जाए तो हाथ से सुधारें। तवा गरम करके रोटी को दोनों तरफ से अच्छी तरह सेक लें। सेकते समय हल्का सा घी लगाएं ताकि स्वाद बढ़े और रोटी मुलायम रहे। बस अब गरम साग के साथ मक्के की रोटी को सर्व करें।

# इन चीजों में भी मिलता है ओमेगा 3 फैटी एसिड



ओमेगा-3 फैटी एसिड हमारे शरीर के लिए सबसे जरूरी पोषक तत्वों से में एक है। इसके सेवन से संपूर्ण स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। मगर जब भी ओमेगा-3 की बात आती है तो ज्यादातर लोगों के जुबान पर चिया सीड्स का नाम आता है।आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और प्रोसेस्ड फूड के बढ़ते चलन के कारण हमारे शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे जरूरी पोषक तत्वों की भारी कमी होने लगी है। ओमेगा-3 एक 'एसेंशियल फैट' है, जिसे हमारा शरीर खुद नहीं बना सकता, इसलिए इसे आहार के माध्यम से लेना जरूरी होता है। अक्सर जब ओमेगा-3 की बात आती है, तो लोगों के मन में महंगे चिया सीड्स या विदेशी साल्मन मछली का ख्याल आता है, जिससे आम मध्यमवर्गीय व्यक्ति इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाने से कतराता है। मगर क्या आप जानते हैं कि हमारे भारतीय रसोई घर और स्थानीय बाजारों में ऐसी कई सस्ती और सुलभ चीजें मौजूद हैं जो ओमेगा-3 का पावरहाउस हैं? यह पोषक तत्व न केवल आपके हार्ट को स्वस्थ रखता है और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यक्षमता और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी रामबाण माना जाता है। अगर आप भी बजट में रहकर अपनी सेहत को दुरुस्त करना चाहते हैं, तो इन देसी सुपरफूड्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

चिया सीड्स के विकल्प के रूप में ये भारतीय खाद्य पदार्थ ओमेगा-3 से भरपूर हैं- अलसी के बीजः यह ओमेगा-3 का सबसे सस्ता और प्रभावी शाकाहारी स्रोत है। मुट्ठी भर अखरोट का सेवन आपके दैनिक ओमेगा-3 की जरूरत को पूरा कर सकता है।



# बुरी नजर का असर कम करना है तो इसे अपनाएं

कई बार हमारी समस्याओं का कारण जान पाना मुश्किल हो जाता है और हम परेशानियों को दूर करने के लिए कई उपाय आजमाते हैं। अगर आप बुरी नजर से परेशान हैं तो कुछ उपाय आजमा सकते हैं। आपमें से कई लोगों ने इस बात का अनुभव किया होगा कि उनके आस-पास कोई ऐसी नकारात्मक शक्ति का वास होता है जो उन्हें परेशानी में डालती है। कई बार इसका असर आपकी सेहत पर हो सकता है और कई बार इससे आर्थिक हानि होने लगती है। यही नहीं आपके बनते काम भी बिगड़ सकते हैं। ऐसे में हम इन समस्याओं का समाधान ढूंढने की कोशिश करते हैं, लेकिन कारण जान पाना मुश्किल होता है। दरअसल ऐसा आपके ऊपर किसी बुरी नजर की वजह से भी हो सकता है। बुरी नजर की वजह से आपके जीवन में ऐसी समस्याएं हो सकती हैं जिनका आप कारण भी नहीं जान पाते हैं। कई बार आपके घर पर तो कई बार आपके शरीर पर बुरी नजर का दुष्प्रभाव होने लगता है। इन सभी समस्याओं को आप ज्योतिष के कुछ विशेष उपायों से दूर कर सकते हैं। आपने कई बार अपने घर में बड़ों से यह बात कहते हुए सुना होगा कि आपको नजर लगने की वजह से जीवन में परेशानियां हो रही हैं। यही नहीं नजर दोष को कई ज्योतिष उपायों से दूर भी किया जा सकता है। ऐसे ही ज्योतिष



उपायों में से एक है फिटकरी का उपाय। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी जी से जानें फिटकरी से बुरी नजर दूर करने के तरीके के बारे में।

### नजर उतारने के लिए क्यों किया जाता है फिटकरी का इस्तेमाल

फिटकरी का आध्यात्मिक और रहस्यमय प्रथाओं में उपयोग का एक समृद्ध इतिहास है। यह पारंपरिक चिकित्सा, शुद्धिकरण अनुष्ठानों और नकारात्मक ऊर्जाओं से सुरक्षा के प्रतीक के रूप में बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

### बुरी नजर दूर करने से पहले क्या करें

इसके लिए सही जगह का चुनाव करना सबसे पहले जरूरी माना जाता है। यह अनुष्ठान आमतौर पर शांत और अबाधित समय के दौरान करने की सलाह दी जाती है। समय की बात करें तो दिन के समय आध्यात्मिक ऊर्जा अधिक सक्रिय होती है, इसलिए फिटकरी से बुरी नजर दूर करने के लिए दिन सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस अनुष्ठान को शुरू करने से पहले व्यक्तिगत स्वच्छता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसमें स्नान करना और साफ कपड़े पहनना सबसे ज्यादा जरूरी हैं।

### फिटकरी से कैसे दूर करें बुरी नजर का असर

आहार आपके बच्चे को या घर में किसी भी व्यक्ति को बुरी नजर लग जाए तो इसे दूर करने के लिए आप फिटकरी का आसान उपाय आजमा सकती हैं। इसके लिए आप एक गिलास पानी और फिटकरी का एक टुकड़ा लें। फिटकरी के टुकड़े को पानी में डाल दें और इसे अच्छी तरह से घुलने दें। जब यह अच्छी तरह से पानी में घुल जाए तब इसे नजर उतारने के लिए इस्तेमाल किया जा सकती है। इसके लिए आप सबसे पहले फिटकरी के पानी को नजर लगे हुए व्यक्ति के सिर के ऊपर से 7 बार घड़ी की सुई की दिशा में घुमाएं।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेनियल स्टर्न पर लगे गंभीर आरोप,फरवरी में होगी पेशी

एक्टर डेनियल स्टर्न काफी वक्त से फिल्मों से दूर हैं। उन्होंने वेंचुरा के फॉर्म में सुकून भरा जीवन बिताने के लिए सिनेमा से दूरी बनाई। इस बीच उन्हें लेकर चौंकाने



वाली खबर आई है। फिल्म 'होम अलोन' फेम एक्टर डेनियल पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर कैलिफोर्निया के एक मोटल में प्रॉस्टिट्यूशन के लिए उकसाने का आरोप लगा। फॉक्स न्यूज डिजिटल की खबर के मुताबिक डेनियल स्टर्न पर वेश्यावृत्ति के लिए उकसाने का आरोप है। वेंचुरा काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के ऑफिस के एक प्रवक्ता ने फॉक्स न्यूज डिजिटल को बताया कि डेनियल स्टर्न ने कथित तौर पर 10 दिसंबर को कैमारिलो के एक मोटल में यह हरकत की थी। एक्टर पर 12 जनवरी को आरोप लगाए गए थे। इसे लेकर उनकी पेशी पहले 13 जनवरी को होने वाली थी, मगर इसे 6 फरवरी तक के लिए टाल दिया गया।

स्टर्न 90 के दशक की क्रिसमस क्लासिक फिल्म 'होम अलोन' में 'वेट बैंडिट' मार्व के रोल के लिए जाने जाते हैं। उनका किरदार उन दो अपराधियों में से एक था, जो मैककलिस्टर परिवार के शिकागो वाले घर में चोरी करने के लिए घुसे थे। 68 वर्षीय डेनियल स्टर्न ने अपनी पत्नी के साथ धीमी जिंदगी जीने के लिए हॉलीवुड छोड़ने का फैसला किया। पीपल मैगजीन के अनुसार, अभिनेता वेंचुरा के एक फार्म में चले गए, जहां वे खेती को समय देते हैं। कुछ पालूत जानवरों की देखरेख करते हैं। स्टर्न 'ब्रेकिंग अवे', 'सिटी स्लिकर्स' और 'द वंडर इयर्स' में भी नजार आ चुके हैं। स्टर्न ने दावा किया कि 80 और 90 के दशक में अपनी सफलता के दौरान उन्होंने इतना पर्याप्त धन कमाया कि उन्हें काम करने की जरूरत नहीं पड़ी।

### टॉलीवुड

## सेतुपति के जन्मदिन पर 'स्लम डॉग 33 टेंपल रोड' का पोस्टर रिलीज

विजय सेतुपति की नई पैन-इंडिया फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर घोषित हो गया है। इस फिल्म का पहले नाम पुरी सेतुपति था, लेकिन अब इसका आधिकारिक



नाम है-'स्लम डॉग 33 टेंपल रोड' होगा।

फिल्म निर्माताओं ने विजय सेतुपति के जन्मदिन पर उनकी नई फिल्म 'स्लम डॉग 33 टेंपल रोड' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में विजय का दमदार लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'झुग्गी-झोपड़ियों से... एक ऐसा तूफान उठता है, बेबाक और असली जिसे कोई रोक नहीं सकता।'

फिल्म के निर्देशक पुरी जगन्नाथ हैं। इस फिल्म को पुरी जगन्नाथ और चार्मी कौर मिलकर बनाएंगे। फिल्म में विजय सेतुपति एक बहुत ताकतवर और बेबाक किरदार निभाएंगे। विजय की यह पैन-इंडिया फिल्म पांच भाषाओं में रिलीज होगी- तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम। इस फिल्म में विजय के अलावा तब्बू, संयुक्ता, दुनिया विजय, ब्रह्माजी और वीटीवी गणेश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। हर्षवर्धन रामेश्वर संगीत निर्देशक हैं।

### भोजपुरी

## पवन ने फैंस के साथ मनाया जन्मदिन पत्नी ज्योति ने वीडियो किया साझा

भोजपुरी के सिंगर-एक्टर पवन सिंह को उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजी हैं। पवन सिंह की पत्नी ज्योति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में



पवन सिंह केक काटते नजर आ रहे हैं। इसे साझा करते हुए ज्योति सिंह ने कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो। भगवान आपकी सारी कामनाएं पूरी करें।' ज्योति सिंह की इतनी सी विश अब सभी लोगों का ध्यान खींच रही है।

वहीं इस वीडियो के वायरल होने पर कई यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में कहा कि पवन यहां काफी नशे में दिख रहे हैं। वो सही से खड़े भी नहीं हो पा रहे। वो लड़खड़ाते हुए केक काटते दिखे। इस दौरान पीछे उनके फैंस और दोस्तों का शोर सुनाई दे रहा है। ज्योति का पवन सिंह को विश करना इसलिए भी लोगों का ध्यान खींच रहा है, क्योंकि दोनों का रिश्ता पिछले कुछ वक्त से सही नहीं चल रहा है। यही नहीं दोनों के बीच बात तलाक तक पहुंच चुकी है और मामला कोर्ट में है। दोनों के बीच तलाक का मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है। साल 2025 में ज्योति सिंह ने आरोप लगाया था कि पवन सिंह अब इस रिश्ते को मौका नहीं देना चाहते। यही नहीं ज्योति सिंह का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वो पवन सिंह के घर पर पहुंच गई थीं। जहां उनके पीछे पुलिस भी पहुंची थी। इस दौरान ज्योति और पुलिस के बीच झड़प भी हुई थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इसके बाद पवन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष भी रखा था और ज्योति सिंह पर भी आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव में काराकाट सीट से निर्दलीय चुनाव भी लड़ा था। हालांकि उन्हें वहां हार का सामना करना पड़ा।

### लाइफ स्टाइल



**नीले का जलवा**


"स्प्रिंग 2026 का रंग सेरुलियन ब्लू होना चाहिए। यूरोपियन फैशन शो में इस की नुमाईश करते हुए लाक्वान स्मिथ, सर्जियो हडसन और टोरी बर्च मानते हैं कि सेरुलियन ब्लू सही मायनों में स्प्रिंग 2026 का प्रतीक है। डिजाइनर लाक्वान स्मिथ ने ब्लैक बेल्ट के साथ क्लासिक स्लिप ड्रेस को एक स्टाइलिश लुक दिया, जबकि डिजाइनर सर्जियो हडसन ने सेक्विन वाले कॉर्सेट गाउन के साथ '80 के दशक की अपनी प्रेरणा दिखाई। इस बीच, टोरी बर्च ने इस चमकीले रंग में एकदम सही वूल कोट बनाया है।

## अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ध्यान

नाखूनों का ध्यान रखने के कुछ सिंपल टिप्स जानना जरूरी है। कई बार नाखून टूटने की शिकायत होती है। इससे भी बचाव संभव है। जरूरी है कि सर्दी के इस मौसम में हमेशा दस्ताने पहन कर रखें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो सर्द हवाओं की वजह से आपके नाखून कमजोर होकर अपने आप ही टूटने लगेंगे। लगभग सभी लोग सर्दी के इस मौसम में गर्म पानी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में नाखून काफी ज्यादा कमजोर होने लगते हैं। अगर आपके नाखून में कमजोर हो रहे हैं तो इन्हें गर्म पानी से दूर रखें। अगर आप अपने नाखूनों को अंदर से मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनकी हर रोज मालिश करें। इसके लिए आपको बस नारियल या बादाम का तेल लेना है, और उसकी मदद से हल्के हाथ से नाखूनों की मालिश करनी है। हाथों के साथ-साथ नाखूनों को पोषण देने में भी हैंडक्रीम काफी अच्छा काम करती है। ऐसे में सर्दी के मौसम में समय-समय पर हैंडक्रीम का इस्तेमाल करें। अगर आप सर्दी के इस मौसम में आप अपने नाखूनों के क्यूटिकल को साफ नहीं रखेंगे, तो इससे गंदगी जमा होती जाएगी। इसी गंदगी की वजह से नाखून कमजोर हो जाते हैं और टूटने लगते हैं।

### नाखूनों की देखभाल कैसे करें

नाखूनों और क्यूटिकल्स पर रोज़ाना क्यूटिकल ऑयल, हैंड क्रीम या नारियल/बादाम के तेल से मालिश करें। पानी या केमिकल (डिटर्जेंट, क्लीनर) के संपर्क में आने से बचाने के लिए घर के काम करते समय ग्लव्स पहनें। अंडे, दूध, हरी सब्जियां, दालें, और बादाम जैसे बायोटिन और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ खाएं। एसीटोन-फ्री रिमूवर का इस्तेमाल करें और बार-बार रिमूवर का प्रयोग न करें। नाखूनों को ज्यादा लंबा न बढ़ने दें;



उन्हें छोटा और समान आकार में काटें। टूटे या फटे हुए हिस्से को छोटा करने के बाद, उसे चिकना करने के लिए फाइल करें, ताकि वह फंसे नहीं। नाखूनों को चबाने या खरोंचने से बचें।

### अगर नाखून टूट जाए तो क्या करें

अगर नाखून टूट गया है, तो नुकीले हिस्से को काट दें और फिर उसे फाइल करके चिकना कर लें। यदि नाखून का बेड (त्वचा) दिख रहा है, तो उसे ढक कर रखें ताकि संक्रमण न हो और वह और न फटे। यदि नाखूनों के टूटने की समस्या लगातार बनी रहती है, तो डॉक्टर से सलाह लें क्योंकि यह आयरन या अन्य पोषक तत्वों की कमी का संकेत हो सकता है।

## सर्दियों में प्लीटेड स्कर्ट को आसान तरीकों से करें स्टाइल




सर्दियों के मौसम में किसी भी आउटफिट्स को स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें समझ नहीं आता की उसके साथ ऐसा क्या गर्म कपड़े को स्टाइल करें, ताकि आप स्टाइलिश भी लगे और सबसे अलग भी नजर आए। जब बात आती है प्लीटेड स्कर्ट को वियर करने की तो इसके लिए आप इस आर्टिकल में बताए गए टिप्स को ध्यान में रख सकती हैं। इससे आपका लुक भी परफेक्ट लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।



### लॉन्ग कोट के साथ करें स्टाइल

स्कर्ट पहनने के बारे में सोच रही हैं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप लॉन्ग कोट के साथ इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ड्रेस के कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए कोट लेना होगा। जिसे आप इसके साथ स्टाइल कर सके। इसके बाद आप चाहें तो बेल्ट को एड कर सकती हैं, ताकि कोट के साथ लुक में थोड़ा ग्रेस आ सके। लॉन्ग कोट आपको मार्केट में काफी सारे मिल जाएंगे जिन्हें आप 500 से 1000 रुपये में खरीद सकती हैं।



### हाईनेक के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्कर्ट के साथ कुछ कोट या स्वेटर वियर नहीं करना है तो आप स्कर्ट के साथ हाईनेक (शहनाज गिल के साड़ी लुक्स) को पेयर कर सकती हैं। आजकल काफी फैंसी डिजाइंस की हाई नेक मिल जाती है, जो पहनने में भी अच्छी लगती हैं और लुक को क्लासी बनाती हैं। इसके साथ पहनकर आप स्कर्ट ऑफिस भी जा सकती हैं। मार्केट में ये हाईनेक आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी। स्कर्ट में कम्फर्टेबल रहने के लिए आपको फुटवियर भी वियर करने पड़ेंगे। ऐसे में आप लॉन्ग बूट्स को स्टाइल (विंटर आउटफिट टिप्स) कर सकती हैं। यह काफी स्टाइलिश लगते हैं। आजकल के फैशन ट्रेंड में भी काफी चल रहे हैं।

## वेडिंग रेडी लुक पाने के लिए परफेक्ट रहेंगे आसान ब्रेड हेयर

अपने लुक को कम्प्लीट करने के लिए हेयर स्टाइल का रोल अहम होता है और फेस्टिव सीजन में बालों को खास लुक देने के लिए ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल में बालों को फ्रंट से सेट करना चाहती हैं 4 से 6 ब्रेड बनाकर आप इसे बोक पिंस की मदद से कर सकती हैं। इस तरह के हेयर स्टाइल के साथ आप छोटे-छोटे बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं और हेयर एक्सेसरीज की मदद से अपने लुक को कम्प्लीट कर सकती हैं। अगर आपको फेस्टिव सीजन में ब्रेड में ट्विस्ट देना है तो इस तरह के आधे बालों में केवल फ्रेंच डिजाइन की ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। वहीं आगे आपके बाल कलर हुए हैं तो इसकी लुक और भी ज्यादा खिलकर लेयर बाई लेयर निकलकर सामने नजर आएगी। सबसे आसान लेकिन देखने में थोड़ी सी मुश्किल जरूर नजर आती है यह वॉटर फॉल स्टाइल ब्रेड। वहीं बालों को आकर्षक लुक देने के लिए इसमें आप कलरफुल थ्रेड्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप केवल इसकी एक ही ब्रेड बनाए ताकि



आपका लुक खूबसूरत नजर आए। आजकल इस तरह की ब्रेड बेहद चलन में है। इसके लिए आपको केवल सिंपल ब्रेड बनानी होगी और बस उस ब्रेड को आप चौड़े या पतले डिजाइन वाले रिबन की मदद सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो हेयर एक्सटेंशन लगाकर बालों की लेंथ को लम्बा भी कर सकती हैं।

## सर्दी के मौसम में स्किन केयर लाएगा आपकी त्वचा का निखार

सर्दी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस मौसम में स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो त्वचा में कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखने के लिए ज्यादातर लोग घर पर ही स्किन केयर करते हैं।

घर पर स्किन केयर करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि जब हम घर पर स्किन केयर करते हैं, तो कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो हम कर देते हैं, क्योंकि इनके बारे में हमें पता नहीं होता है। इन गलतियों की वजह से स्किन केयर का हमारी त्वचा पर काफी गलत असर भी पड़ने लगता है।

### सनस्क्रीन ना लगाना

अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है।

### सही स्किन टाइप का ना जानना



सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### स्किन केयर रूटीन की अधिकता

सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

**कार्नर न्यूज**

**मौजूदा दौर में केमोफ्लाज ड्रेसिंग शामिल है मेंस फैशन के स्टाइल में**

## केमोफ्लाज ड्रेसिंग को पहनें तो रखें इन स्टाइलिंग टिप्स का ध्यान, तब ही मिलेगा परफेक्ट लुक

केमोफ्लाज ड्रेसिंग को अपने स्टाइल में शामिल करना चाहते हैं? लेकिन परफेक्ट लुक वाला मामला कभी ठीक बैठता ही नहीं है तो आपको कुछ खास बातें ध्यान रखने की जरूरत है। इन टिप्स के साथ जब आप केमोफ्लाज ड्रेसिंग अपनाएंगे तो आपका लुक हैंडसम आएगा और आपको खुद भी अपना स्टाइल बेहतरीन लगेगा। केमोफ्लाज ड्रेसिंग के लिए क्या हैं जरूरी टिप्स जानते हैं-

### केमो जैकेट से करे कमाल

केमोफ्लाज जैकेट इस प्रिंट में सबसे ज्यादा पहना जाने वाले पहनावा है, इस जैकेट को कई सारी ड्रेस के साथ लेयर किया जा सकता है। इसको हुडीज के साथ भी पेयर कर सकते हैं। लेकिन केमो जैकेट के साथ रंगों का कॉम्बो काला, सफेद या ग्रे ही रखें। इस जैकेट को शॉर्ट ही चुनें।

### केमो जॉगर्स से मिले स्टाइल

केमोफ्लाज जॉगर्स उन पुरुषों के लिए पर्फेक्ट विकल्प है तो अक्सर सिर्फ ग्रे या काले रंग के पैंट ही



पहनते हैं। इस तरह से उनकी ड्रेसिंग में प्रिंट भी शामिल हो जाते हैं। लेकिन हां, इनको चुनने के लिए टैपर्ड फिट ही चुनें और ऊपर टॉप ब्लैक कलर का पहनें।

केमोफ्लाज शर्ट से भी दें लुक को नया अंदाज

केमोफ्लाज शर्ट भी लुक को परफेक्ट बनाने का काम करती है। इनको पहनते हुए कभी भी बहुत थी ज्यादा टाइट शर्ट न चुनें।

इस शर्ट को डिस्ट्रेस्ड जींस के साथ पहनें। इस शर्ट को लेयर करना हो तो अंदर सफेद टी शर्ट पहनें। इस वक्त शर्ट की बांह फोल्ड जरूर कर लें।

### केमो शॉर्ट भी हैं विकल्प

अब अगर आप केमो शॉर्ट पहनना पसंद करते हैं तो इनको पहनने का भी एक तरीका होता है। इस शॉर्ट को ब्लैक टी शर्ट के साथ पहनें। इसके आलावा खाकी टीशर्ट भी पहनी जा सकती है। इनको ट्रेनर्स के साथ मैच करें।

### केमो ट्राउजर्स को पहनें ऐसे

केमो ट्राउजर्स पहनने की बारी आए तो बैगी स्टाइल ट्राउजर्स न पहनें। साथ में काले बूट्स भी बिल्कुल न पहनें। ट्राउजर्स भी स्लिम फिट ही पहनें।

